दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 3 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-271 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

इसे कहते है उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। चिरकुट चीन तमाम समझौतों को दरकिनार का भारतीय सीमा में घुसपैठ करता रहा है। जिसका भारत ने कड़ा प्रतिकार भी किया। अब भारत और अमेरिका मिल कर उत्तराखंड में संयुक्त युद्धाभास कर रहे है तो चीन को मिर्ची लग गई है। चीन ने आरोप लगाया है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय समझौते का उल्लंघन कर रहा है जबकि जिस स्थान पर युद्धाभास हो रहा है वह चीन की सीमा से सौ किलोमीटर से भी ज्यादा दूर है। भारत का अंध विरोध करने वाले पाकिस्तान की बद्तर स्थिति से चीन को सबक लेने की जरूरत है।

//-- सुविचार --//

जो लोग जज़्बात छुपाने वाले होते हैं, वो ज़्यादा ख्याल करने वाले होते हैं।

सूर्योदय

उदय : 6:32 प्रात:

अस्त : 5:15 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,003,147,742

भारत: 1,413,498,617

बाजार

संसेक्स : 62868.50

निफ्टी: 18696.10

गोल्ड : 53,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 64,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	30.4	16.4
बिलासपुर	29.4	14.9
जगदलपुर	30.6	17.6
अंबिकापुर	24.9	10.8

आज का दिवस

विश्व विकलांग दिवस

विश्व विकलांग दिवस जिसे विकलांग व्यक्तियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में भी जाना जाता है, हर साल 3 दिसंबर को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। विकलांग व्यक्तियों को शामिल करने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों का समर्थन करने के लिए दिन को चिह्नित और मनाया जाता है। ह्मष्ठक्कक्चष्ठ दिवस 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित किया गया था। विश्व विकलांग दिवस 2021 का विषय विकलांग व्यक्तियों का नेतृत्व और भागीदारी है। यह दिन समाज और विकास के सभी क्षेत्रों में विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के हर पहलू में विकलांग व्यक्तियों की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।

विधानसभा के विशेष सत्र में आरक्षण पर तकरार

डहरिया-चन्द्राकर के बीच सदन में झूमा-झटकी

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा विशेष सत्र के दूसरे दिन सदन में अभूतपूर्व दृश्य उस समय उपस्थित हो गया जब भाजपा विधायक अजय चन्द्राकर व मंत्री शिव डहरिया के बीच सदन में झूमा झटकी हुई।। छतीसगढ़ की विधानसभा में कभी भी पहले ऐसी स्थिति पैदा नहीं हुई। हुआ यह कि भाजपा विधायक अजय चन्द्राकर व बृजमोहन अग्रवाल विधेयकों की प्रस्तुति को नियमों के विपरीत बता कर अपनी बात रख रहे थे, तभी सत्ता पक्ष के एक मंत्री ने कुछ चुनौतीपूर्ण बात कह दी। जिस पर चंद्राकर व बृजमोहन दोनों उग्र हो गए और सत्ता पक्ष के उक्त मंत्री को लड़ने की मुद्रा में चुनौती देने लगे। शिव डहरिया भाजपा बेंच की तरफ बढ़ गए और अजय भी अपनी जगह से गुस्से में आगे बढ़े। बात की गंभीरता देखते हुए विस

अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने 10 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर सदन से जाने लगे तभी सदन के गृभ गृह में शिव व अजय आपस में धक्का मुक्की करने लगे। स्थिति देखकर नव नियुक्त नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल दोनों के बीच पहुंच कर दोनों को अलग कर मामला शांत किया। बहुत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस बात को मुद्दा बनाकर जताई आपत्ति

आरक्षण बिल प्रस्तुत होते समय कहा गया कि कुछ नियमों को शिथिल कर प्रस्तुत करने की अनुमति दी गई। इसी बात को मुद्दा बना कर

अजय व बृजमोहन ने अपनी आपत्ति प्रकट की। अनेक प्रश्न खड़े करते हुए विपक्ष ने विधेयक को 9 तारीख को चर्चा में रखने का अनुरोध अध्यक्ष से किया, आसंदी की कोई भी व्यवस्था नहीं आने से विपक्ष के सदस्य उग्रता से बातें करने लगे। अनेक नियम प्रक्रियाओं का उल्लेख करते हुए विपक्षी नेताओं ने सवाल उठाया कि 9 जजों की संविधान बेंच ने जो निर्णय दिया उस निर्णय के विरोध में चर्चा सदन में हो सकती है क्या? भानुप्रतापपुर के चुनाव हो रहे हैं, इस विधेयक के पारित होने से चुनाव में प्रभाव पड़ेगा। इसलिए विधेयक लाने के पहले चुनाव आयोग से परामर्श कर लेना उचित होगा।

आरक्षण का नया विधेयक पास

छत्तीसगढ़ विधानसभा ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण देने वाले दो नये विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। अब इसे राज्यपाल को भेजा जाएगा। उनके हस्ताक्षर करने के बाद विधेयक अधिनियम बन जाएंगे। असाधारण राजपत्र में प्रकाशित होते ही यह प्रदेश में आरक्षण की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। उसके बाद ही प्रदेश में नई भर्तियों और स्कूल-कॉलेजों में दाखिले के लिए आरक्षण का रोस्टर जारी होगा।

इन कानूनों से मिलेगा आरक्षण

छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) संशोधन विधेयक और शैक्षणिक संस्था (प्रवेश में आरक्षण) संशोधन विधेयक पारित हुआ है। इन दोनों विधेयकों में आदिवासी वर्ग- ST को 32%, अनुसूचित जाति-स्ष्ट को 13% और अन्य पिछड़ा वर्ग-OBC को 27% आरक्षण का अनुपात तय हुआ है। सामान्य वर्ग के गरीबों को 4% आरक्षण देने का भी प्रस्ताव है। इसको मिलाकर छत्तीसगढ़ में 76% आरक्षण हो जाएगा।

सीएम ने पेश किया अनुपूरक बजट

विस में 4337 करोड़ 75 लाख 93 हजार 832 रुपए से अधिक का अनुपूरक बजट पेश हुआ है। अनुपूरक बजट पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि, बेहतर वित्तीय प्रबंधन से अक्टूबर तक 898 करोड़ का राजस्व हुआ है। छग की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। राज्य में सभी वर्गों के लोगों की आय एवं क्रय क्षमता में वृद्धि हुई है। इस अनुपूरक बजट में सौर सुजला योजना के तहत 105 करोड़ का प्रावधान है। बिजली बिल हाफ करने के लिए में 31 करोड़ का प्रावधान है। स्टील उद्योग के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 57 करोड़ का प्रावधान है। वहीं राजीव गांधी किसान न्याय के तहत 950 करोड़ का प्रावधान है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत 129 करोड़ का प्रावधान रखा है।

ईडी ने सौम्या चौरसिया को किया गिरफ्तार, 4 दिन की रिमांड मंजूर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ खनन मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव के रूप में काम कर रहीं सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में उनके खिलाफ लंबे समय से जांच चल रही थी। ईडी की कार्रवाई में ये 5वीं गिरफ्तारी है। इसके पहले एक आईएएस समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो फिलहाल जेल में हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया को ईडी ने रायपुर अदालत में न्यायाधीश अजय सिंह की अदालत में शुक्रवार की शाम सौम्या को पेश किया। अदालत में सौम्या को पेश कर ईडी ने पूछताछ के लिए वक्त मांगा। ईडी की तरफ से कहा गया कि कम से कम

सप्ताहभर के लिए सौम्या को कस्टडी में रखकर पूछताछ करना चाहते हैं। ईडी ने दावा किया है कि कोल माइनिंग में अवैध लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में सौम्या के खिलाफ कुछ अहम सबूत मिले हैं। अदालत से ईडी ने 10 दिनों की रिमांड मांगी। अफसरों ने कहा पूछताछ में समय लगेगा, बहुत से दस्तावेजों और सबूतों का परीक्षण चल रहा है। इस पर अदालत ने रिमांड की बात कबूल की मगर सिर्फ 4 दिन की रिमांड का आदेश किया है। 4 दिनों तक ईडी के जांच अफसर पूछताछ करेंगे। सौम्या से पहले ईडी की गिरफ्त में कारोबारी सूर्यकांत तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोर्ट में पेश करने के बाद पहले चेकअप

ईडी ने सौम्या चौरसिया को कोर्ट में पेश करने के पहले अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। रूटीन चेकअप के बाद उन्हें कोर्ट ले जाया गया। सौम्या चौरसिया को अब 6 दिसंबर को पेश किया जाएगा। बता दें कि 2016 बैच के आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई को ईडी ने 13 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। न्यायालय में उन्हें पहले आठ दिन और बाद में 6 दिन के लिए रिमांड पर दिया था।

दो लॉरी की भिडंत में चार लोग जिंदा जले

काकीनाडा (वार्ता)। आंध्र प्रदेश में काकीनाडा जिले के प्रतिपादु मंडल के राष्ट्रीय राजमार्ग पर धर्मवरम के पास शुक्रवार तड़के दो लॉरियों की भिडंत के बाद वाहनों में आग लगने से चार लोगों की जिंदा जल गए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि एक लॉरी राजमुंदरी में बालू पहुंचाकर वापस लौट रही थी और तभी अचानक से लॉरी अनियंत्रित हो गई और सड़क के डिवाइडर को पार करने के बाद विपरीत दिशा से आ रही कंटेनर लॉरी से उसकी भिडंत हो गयी। दोनों वाहनों की भिडंत इतनी जबरदस्त थी की टकराने के बाद में उनमें आग लग गयी। इस हादसे में दोनों वाहनों के चालक और क्लीनर सहित चार लोग जिंदा जल गए। अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना मिलते ही विभाग की दमकल गाड़ियां मौंके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

खदान धंसने से 6 की मौत

मुरुम खोदकर बनाई थी 10 फीट लंबी सुरंग

जगदलपुर/रायपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित एक छुईखदान धंसने से वहां काम कर रहे 6 मजदूरों की दबने से मौत हो गई। मृतकों में 5 महिलाएं और 1 पुरुष शामिल है। दो घायलों में एक 14 साल की लड़की भी शामिल है। दोनों का नजदीकी अस्पताल में इलाज जारी है। मलबे के नीचे कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका के चलते रेस्क्यू टीम ने काफ ी देर तक मलबा हटाकर सर्चिंग अभियान चलाया। मलबा हटाने के बाद वहां कोई और लोगों के नहीं दबे होने की पुष्टि होने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन बंद किया गया। जानकारी के मुताबिक खदान मालगांव में स्थित है। इस खदान में अवैध उत्खनन का काम चल रहा था। गांव के कुछ लोग खदान के नीच उतरकर मिट्टी निकाल रहे तभी अचानक जमीन धंस गई। वहां नीचे मौजूद लोग दब गए। पास में ही खड़े अन्य मजदूरों ने इसकी जानकारी फौरन प्रशासन को दी। मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री ने जताया दुख

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मालगांव छुई खदान में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने 6 ग्रामीणों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। इसके साथ ही सभी घायलों के बेहतर उपचार के लिए अफसरों को निर्देश दिए हैं।

नीतीश की सभा में हंगामा

लगे हाय-हाय के नारे, कुर्सियां फेंकी गईं

पटना। बिहार में इस समय उपचुनाव को लेकर प्रचार जोरों पर चल रहा है। सूबे के मुखिया नीतीश कुमार भी शुक्रवार को कुढ़नी में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान सी-टेट और बी-टेट के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री शर्म करो, डूब मरो के साथ साथ हाए हाए के नारे लगा दिए। उन नारों को सुन नीतीश कुमार के समर्थकों ने सभी अभ्यर्थियों को कुर्सियों से मारकर भगा दिया। घटना का जो वीडियो भी सामने आया है, उसमें कई लोग कुर्सियां फेंकते दिख रहे हैं। कुछ तो खंबे पर भी चढ़े हुए हैं। जबरदस्त बवाल देखने को मिल रहा है और जमकर बवाल काटा जा रहा है। अभी तक जेडीयू की तरफ से इस घटना पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। सीएम नीतीश ने भी इस हंगामे पर कुछ नहीं बोला है।

तेजस्वी ने कहा, महागठबंधन से बीजेपी को डर : कुढ़नी में एक चुनावी सभा को तो तेजस्वी यादव ने भी संबोधित किया था। उनकी तरफ से सीएम नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की गई और बीजेपी पर निराशा साधा गया। तेजस्वी यादव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जी-20 समूह की अध्यक्षता पर देश में हो रहा बड़ा ड्रामा : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि समूह जी-20 देशों की अध्यक्षता बारी-बारी से सदस्य देश करते हैं लेकिन मोदी सरकार इसको लेकर जो ड्रामा कर रही है ऐसा कहीं देखने को नहीं मिला। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि सदस्य देश इसके अध्यक्ष बनते हैं, लेकिन जो हाई वोल्टेज ड्रामा इसको लेकर मोदी सरकार कर रही है वह अब तक देखने को नहीं मिला है। उन्होंने ट्वीट किया, जी-20 की अध्यक्षता बारी-बारी से सदस्य देशों को सौंपी जाती है और भारत की अध्यक्षता अपरिहार्य थी। समूह 20 के पिछले अध्यक्ष अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, मैक्सिको, रूस, ऑस्ट्रेलिया, तुर्की, चीन, जर्मनी, अर्जेंटीना, जापान, सऊदी अरब, इटली और इंडोनेशिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ब्रावो ने आईपीएल से लिया संन्यास, सीएसके ने बनाया बॉलिंग कोच

नई दिल्ली। कैरेबियाई ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने आईपीएल से संन्यास ले लिया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल के अगले सीजन से पहले ब्रावो को रिलीज करने का फैसला किया था जिसके कुछ दिनों बाद उन्होंने यह फैसला किया। अब ड्वेन ब्रावो आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिएन बॉलिंग कोच की भूमिका में दिखेंगे। दरअसल, भारत के पूर्व तेंज गेंदबाद व सीएसके के बॉलिंग कोच लक्ष्मीपति बालाजी ने अगामी सीजन के लिए ब्रेक लेने का निर्णय लिया था। ब्रावो ने 2017 के आईपीएल सीजन को छोड़कर अब तक के हर साल आईपीएल में भाग लिया। उन्हें पहली बार 2008 में मुंबई इंडियंस द्वारा साइन किया गया था और वह तीन सीजन तक मुंबई के साथ रहे। इसके बाद साल 2011 की नीलामी में सीएसके ने ब्रावो को अपने पाले में किया। चूंकि सीएसके को दो सालों के लिए प्रतिबंधित कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

विंडो का कांच फोड़ ट्रेन में घुसी रॉड, यात्री की गर्दन से हुई आरपार

अलीगढ़। यूपी के अलीगढ़ जिले के सोमना रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह बड़े हादसे ने हड़कंप मचा दिया। यहां नीलांचल एक्सप्रेस ट्रेन (12876) के सामान्य कोच में बैठे एक यात्री की गर्दन में घुसकर लोहे की रॉड आरपार हो गई। स्टेशन के प्लेटफ ार्म नंबर-3 पर यह दर्दनाक नजारा देख हर कोई हैरान हो गया। सोमना रेलवे स्टेशन के प्लेटफ ार्म नंबर-3 पर उस समय एक बड़ा हादसा हो गया, जब नीलांचल एक्सप्रेस गाड़ी के जनरल कोच की सीट नंबर-15 पर बैठकर यात्रा कर रहे एक पैसेंजर की गर्दन में होकर एक लोहे की रॉड आरपार हो गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक यात्री की पहचान सुल्तानपुर के रहने वाले हरिकेश दुबे के रूप में हुई। सूचना मिलते ही आरपीएफ और सीआरपीएफ समेत रेलवे के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने में जुट गए। वहीं, मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। आरपीएफ सीओ केपी सिंह का कहना है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इसरो जासूसी मामले में सुको ने रद्द की 4 आरोपियों की जमानत

नई दिल्ली। इसरो जासूसी से जुड़े साल 1994 के मामले में 4 आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने चारों की अग्रिम जमानत रद्द कर दी है। साथ ही केरल हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर मामले को फिर हाईकोर्ट के पास पुनर्विचार के लिए भेजा है। साथ ही एपेक्स कोर्ट ने सीबीआई को चारों आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने के भी आदेश दिए हैं। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने केरल हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पर दोबारा विचार करने के लिए कहा है। साथ ही कोर्ट ने 5 सप्ताह के लिए आरोपियों को गिरफ्तारी से भी राहत दी है। इस मामले में केरल के पूर्व डीजीपी सिबी मैथ्यूज, गुजरात ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्या है नांबी नारायणन मामला

नारायणन इसरो के साइंटिस्ट रह चुके हैं। साल 1994 में उन्हें जासूसी के मामले में फ साया गया था। उनपर भारतीय स्पेस प्रोग्राम से जुड़े गोपनीय दस्तावेज दूसरे देशों को भेजने के आरोप थे। नारायणन के अलावा 5 और लोगों पर जासूसी और दूसरे देशों को रॉकेट की तकनीक भेजने के आरोप लगाए गए थे। इस मामले में नारायणन को दो महीने जेल में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्व बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष साय राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। गुजरात विधानसभा चुनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी ने कई संगठनात्मक नियुक्तियां की है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्यों के अलावा राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्ति की है। इसमें तीन महीने पहले ही छत्तीसगढ़ के बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के पद से हटाए गए पूर्व सांसद विष्णुदेव साय को राष्ट्रीय कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची में जगह दी गई है। विष्णुदेव साय के अलावा उत्तराखंड के मदन कौशिक के साथ एस राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, मनोरंजन कालिया और अमनजोत कौर तीनों पंजाब से शामिल हैं। वहीं पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह और सुनील जाखड़ को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर जगह दी है। साथ ही जयवीर शेरगिल को भाजपा ने राष्ट्रीय प्रवक्ता का पद दे दिया है। कैप्टन व सुनील जाखड़ दोनों ही नेताओं की पंजाब की सियासत में अहम भूमिका है। वहीं यूपी के पूर्व अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में रखा गया है।

संपादकीय

5जी से बदल जाएगा जीने का अंदाज

1 अक्टूबर से देश में 5जी सेवाएं शुरू हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन किया और पहले चरण में 13 शहरों में 5जी सेवा शुरू की। शीघ्र ही इसका विस्तार किया जाएगा। ये 13 शहर हैं- अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, गांधीनगर, गुरुग्राम, हैदराबाद, जामनगर, कोलकाता, चेन्नई, लखनऊ, पुणे, दिल्ली और मुंबई। इस मौके पर रिलायंस, एयरटेल समेत टेलिकॉम सेक्टर के दिग्गज मौजूद रहे। इसके साथ ही भारत उन 70 देशों में शामिल हो गया है, जहां 5 जी हैं। पिछले दो दशकों में भारत ने मोबाइल सर्विस की 4 पीढियां देखी हैं। अब पांचवी पीढ़ी यानी 5जी की बारी है। 5जी के साथ देश में संचार सुविधाओं के नए युग की शुरुआत हो रही है। 5जी ऐसी वायरलेस नेटवर्क तकनीक है, जो देश में नई सूचना क्रांति लाएगी। इसके इस्तेमाल से कामकाज के तौर-तरीकों में जबरदस्त बदलाव आनेवाला है। क्योंकि इसमें सबसे बड़ी बात है स्पीड की। बेहद तेज रफ्तार वाली इंटरनेट सुविधा की, जो सारे काम आसान कर देगी। 5जी के जरिए जहां एक ओर कनेक्टिविटी बढ़ेगी, वहीं मरीजों के इलाज से लेकर पढ़ाई तक और मनोरंजन से लेकर रोजमर्रा के कामकाज तक हर क्षेत्र में सुविधा बढ़ेगी और बदलाव आएंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 5जी तीन बैंड्स में काम करता है- लो बैंड, मिड और हाई फ्रीक्वेंसी बैंड स्पेक्ट्रम। 5जी नेटवर्क में इंटरनेट की स्पीड 4जी के मुकाबले 10 गुना से 100 गुना तक तेज हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 5जी की अधिकतम इंटरनेट स्पीड 10 गीगाबाइट प्रति सेकेंड हो सकती है। 5जी 5जी एक वर्ग किलोमीटर में करीब एक लाख संचार उपकरणों को सपोर्ट करेगा। इतना तो साफहै, कि 5जी के इस्तेमाल से लोगों के काम करने का तरीका बिल्कुल बदल जाएगा ज्यादातर काम तकनीक के जरिए किये जा सकेंगे और इंसान की दुनिया स्मार्ट हो जाएगी। भारत डिजिटल क्रान्ति के दौर पर में है। देश के विकास के सबसे बड़े विजन डिजिटल इंडिया ने अर्थव्यस्था में बड़े परिवर्तन किये हैं। साल 2014 में 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, अब बढ़कर 85 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन हो गए हैं। 2014 तक भारत 100 फीसदी मोबाइल फोन आयात करता था जबकि आज मोबाइल उत्पादन में हम दुनियां में दूसरे स्थान पर हैं। 2014 में देश में केवल 2 मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट थी, जो अब 200 के ऊपर हैं। 2जी, 3जी, 4जी के समय भारत टेक्नॉलजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा लेकिन 5जी के साथ भारत ने नया इतिहास रच दिया है। 5जी के साथ अब भारत टेलीकॉम टेक्नॉलजी में वैश्विक मानदंड तय कर रहा है। डिजिटल दौर में ना केवल उत्पादन बल्कि क्रय विक्रय में भी सिर्फ5 सालों में जबरदस्त बदलाव आये हैं। आज आप किसी भी साप्ताहिक बाजार में चले जाइए, सड़क किनारे खड़े ठेले हों या फिर जमीन पर दरी लगा कर सब्जी बेचने वाले, सबके पास क्यूआर कोड है। मैकेनिक हो या कारीगर, छोटे व्यापारी हों या छोटे उद्यमी डिजिटल इंडिया ने सबको बराबर का बाजार दिया है। 5जी से देश में हाईब्रिड वर्क कल्चर का विस्तार होगा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से कई काम ऑटोमेटेड तरीके से किया जाने लगेगा. जिससे कर्मचारी दूसरे जरुरी काम पर अपना ध्यान लगा सकेंगे। 5जी से देश में मरीजों के इलाज की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव हो जाएगा। रोबोटिक सर्जरी की जा सकेगी. टेलीमेडिसिन का का विस्तार होगा।

बाल पहेलियाँ

पेंशन वही, जो भारतीय समाज का भविष्य न बिगड़ने दे

चुनावी माहौल में पुरानी पेंशन को लेकर एक बार फिर नए सिरे से बहस शुरू हो गई है। पुरानी पेंशन योजना बहाली के लिए पूरे देश में राष्ट्रीय आंदोलन चलाया जा रहा है। हाल ही में, बजट 2023 के लिए आयोजित बैठक में भी भारतीय मजदूर संघ सहित कई कर्मचारी संगठनों ने वित्त मंत्री से इसकी मांग की है। 1 जनवरी, 2004 से नई पेंशन योजना (एनपीएस) को लागू किया गया था और एनपीएस को पश्चिम बंगाल छोड़कर सभी राज्यों ने अपना लिया। अब छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान के साथ पंजाब ने भी पुरानी पेंशन स्कीम को लागू कर दिया है। तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश ने भी पुरानी स्कीम को वापस लाने का वादा किया है। ऐसे ही, वादे गुजरात में भी किए गए हैं। अभी नई पेंशन स्कीम के तहत कर्मचारी के मूल वेतन से 10 प्रतिशत राशि काटी जाती है और उसमें सरकार 14 फीसदी अपना हिस्सा मिलाती है। पुरानी पेंशन योजना में कर्मचारी की सैलरी से कोई कटौती नहीं होती थी। पुरानी पेंशन योजना में रिटायर्ड कर्मचारियों को सरकारी कोष से पेंशन का भुगतान किया जाता था, जिसमें कर्मचारी को अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत मिलता था। दरअसल, नई पेंशन योजना को उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया था, जो 21 से 25 वर्ष की आयु में नौकरी में आ जाते हैं और 35 से 40 वर्ष तक पेंशन फंड में योगदान करते हैं। अब पारिवारिक, सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक ढांचा बदला है, ज्यादातर लोगों को नौकरी देर से मिल रही है, सेवानिवृत्ति भी महज 10-15 वर्षों की सेवा के बाद हो जा रही है। लिहाजा नई पेंशन स्कीम को लेकर कर्मचारियों की आशंका सच साबित होने लगी है। दो लाख रुपये वेतन पाने वालों का भी दो से पांच हजार रुपये तक पेंशन बन रहा है, इससे बिजली बिल व दवा खर्च भी नहीं निकल पा रहा है। ऐसे लोग वृद्धावस्था में भी छोटे-मोटे कार्य कर गुजर-बसर करने के लिए मजबूर होने लगे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद जब शरीर साथ छोड़ने लगता है, तब परिजन भी बोझ समझकर कन्नी काटने लगते हैं। आने वाले वर्षों में ऐसे बुजुर्गों की संख्या जब बहुत बढ़ जाएगी, तब क्या होगा? भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में कोई सरकार अभिभावक की अपनी भूमिका से कैसे बच सकती है? जब देश का संविधान सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान करता है, तो इसे 'मुफ्त की रेवड़ी' मानना अनुचित है।

अपने ही बुने जाल में फंसा पाकिस्तान

नीरज मनजीत

टीटीपी और पाक आर्मी के बीच इस वर्ष जून में सशर्त युद्धविराम हुआ था। अफ़ग़ानिस्तान की तालिबानी सरकार के कुछ जिम्मेदार लोगों और इमरान सरकार के एक अधिकारी की मध्यस्थता में यह समझौता हो पाया था। वैसे भी टीटीपी को इमरान समर्थक माना जाता है। ज़ाहिर है कि शाहबाज़ शरीफ़ का सत्ता में आना भी टीटीपी की नाराज़गी की एक वजह है। टीटीपी के कुछ लीडरों का कहना है कि सीजफायर के बाद भी पाक आर्मी ने टीटीपी के कुछ लड़ाकों को मार गिराया है। इस बात को लेकर भी टीटीपी बुरी तरह चिढ़ा हुआ था। इधर पाक आर्मी प्रचार करती रही है कि टीटीपी ने ही युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए पुलिस और बेगुनाह नागरिकों पर हमले किए हैं। कुल मिलाकर अविश्वास की परतें दोनों तरफनज़र आ रही हैं। पर अब यह साफ़हो गया है कि टीटीपी के लड़ाकों ने लुकाछिपी छोड़कर सीधी मुठभेड़ का इरादा कर लिया है।

पाकिस्तान के हुक्मरानों, आईएसआई और आर्मी ने भारत के लिए जो बबूल के पेड़ बोये थे, उसके काँटे इन दिनों पलटकर उन्हें ही बुरी तरह चुभ रहे हैं। जैसे ही पाकिस्तान के नये आर्मी चीफआसिम मुनीर ने चार्ज संभाला, अफ़ग़ानिस्तान के चरमपंथी संगठन 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' (टीटीपी) ने पाक आर्मी के साथ चल रहे सीज़फायर को तोड़कर अपने लड़ाकों के लिए हुक्म जारी कर दिया है कि वे शहर दर शहर पूरे पाकिस्तान में हमले करें। इसकी बानगी के तौर पर इसी दिन क्वेटा में पुलिस की गाड़ी के नज़दीक एक आतंकी ने खुद को बम से बांधकर उड़ा लिया। इस आत्मघाती हमले में तीन पुलिसकर्मी मारे गए और कई बुरी तरह घायल हुए। टीटीपी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक टीटीपी के लड़ाके आसिम मुनीर को आर्मी चीफबनाए जाने के फ़ैसले से नाराज़ थे। माना जा रहा है कि ये हमला उनकी नाराज़गी का इज़हार और आगे की जंग का बिगुल है। ये वही आसिम मुनीर हैं, जो बीते सालों में बतौर आईएसआई चीफ़ भारत के ख़िलाफ़ साज़िशें रचते रहे हैं और पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड माने जाते हैं।

टीटीपी और पाक आर्मी के बीच इस वर्ष जून में सशर्त युद्धविराम हुआ था। अफ़ग़ानिस्तान की तालिबानी सरकार के कुछ जिम्मेदार लोगों और इमरान सरकार के एक अधिकारी की मध्यस्थता में यह समझौता हो पाया था। वैसे भी टीटीपी को इमरान समर्थक माना जाता है। ज़ाहिर है कि शाहबाज़ शरीफ़ का सत्ता में आना भी टीटीपी की नाराज़गी की एक वजह है। टीटीपी के कुछ लीडरों का कहना है कि सीजफायर के बाद भी पाक आर्मी ने टीटीपी के कुछ लड़ाकों को मार गिराया है। इस बात को लेकर भी टीटीपी बुरी तरह चिढ़ा हुआ था। इधर पाक आर्मी प्रचार करती रही है कि टीटीपी ने ही युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए पुलिस और बेगुनाह नागरिकों पर हमले किए हैं। कुल मिलाकर अविश्वास की परतें दोनों तरफनज़र आ रही हैं। पर अब यह साफ़हो गया है कि टीटीपी के लड़ाकों ने लुकाछिपी छोड़कर सीधी मुठभेड़ का इरादा कर लिया है। टीटीपी के ऐलान-ए-जंग के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मचा हुआ है। मुल्क के अंदरूनी हालात वैसे ही काफी ख़राब चल रहे हैं। चुनाव की माँग को लेकर इमरान के लांग मार्च में उमड़ती भीड़ शाहबाज़ शरीफ़के लिए भारी परेशानी का सबब बनी हुई थी। ऐसे में टीटीपी की चुनौती शाहबाज़ सरकार के लिए एक नयी मुसीबत लेकर आई है। डैमेज कंट्रोल के लिए शाहबाज़ ने अपनी विदेश राज्यमंत्री हिना रब्बानी खार को फ़ौरन काबुल रवाना किया। हिना रब्बानी को पाकिस्तान का सॉफ्ट चेहरा माना जाता है, पर उनकी काबुल यात्रा के नतीजे आने अभी बाक़ी हैं।

टीटीपी के पैदा होने की कहानी भी बड़ी दिलचस्प है। पिछली सदी के नब्बे के दशक में जब अफ़ग़ानिस्तान में सोवियत सेना मौजूद थी, उस वक़्त उनका मुकाबला करने के लिए अमेरिका की मदद से पाकिस्तान में तालिबानी लड़ाकों को तैयार किया गया। अफ़ग़ान सरहद से लगे कई इलाकों में पाक आर्मी ने मज़हबी ज़हर भरकर इन लड़ाकों को प्रशिक्षित किया और सोवियत आर्मी से गुरिल्ला युद्ध के लिए अफ़ग़ानिस्तान में उतार दिया। इन्हें नाम दिया गया-- अफ़ग़ानिस्तानी तालिबान। उस वक़्त पाकिस्तान की पाँचों उँगलियाँ घी में थी। अमेरिका से उन्हें डॉलरों से भरे सूटकेस और मिठाइयों के डिब्बे मिल रहे थे। जब तालिबानी लड़ाकों ने सोवियत आर्मी को भगा दिया और अफ़ग़ानिस्तान में तालिबानी सरकार बन गई, तो पाकिस्तान ने इसे अपनी जीत माना था। इनमें से बहुत से तालिबानी पाकिस्तान में ही रह गए थे। पाकिस्तान ने इसका फ़ायदा उठाते हुए इनमें से कुछ चरमपंथियों को पाक अधिकृत कश्मीर में उतारकर भारत पर भी दबाव बढ़ाने की कोशिश की थी। हम भूले नहीं हैं कि इन्हीं दिनों अकस्मात ही कश्मीर पर आतंकी हमले काफी बढ़ गए थे।

यह सिलसिला पाकिस्तान को बेहद रास आ रहा था। उसे बैठे बिठाए डॉलरों की सौगात मिल रही थी। तस्वीर का रुख 2001 में बदला, जब अल कायदा ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला किया और नतीजतन अमेरिका ने अफ़ग़ानिस्तान में सेना उतार दी। तब अधिकांश तालिबानी पाकिस्तान में आ गए। जब पाकिस्तान की ज़मीन से अमेरिका ने तालिबानियों पर हमले किए, तो यही तालिबानी पाकिस्तान के दुश्मन बन गए। इनमें से कई चरमपंथी तालिबानी संगठनों ने मिलकर 2007 में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीपीपी) का गठन किया था। दिलचस्प बात यह भी है कि टीटीपी पूरे पाकिस्तान को अपना हिस्सा मानते हुए यहां शरिया कानून लागू करना चाहता है। पाकिस्तान में हुए सैकड़ों आतंकी हमलों के लिए इसी संगठन को जिम्मेदार ठहराया जाता है और इसे ढँके छुपे तौर पर तालिबान अफ़ग़ानिस्तान का समर्थन भी प्राप्त है।

अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान के लौटने के बाद पाकिस्तान बहुत खुश था कि अब इनकी मदद से वह भारत पर दबाव बढ़ाने में कामयाब हो जाएगा। पर अब सारे हालात उलट चुके हैं। दोनों तालिबान संगठन पाकिस्तान को अपना सबसे बड़ा दुश्मन मान रहे हैं। अफगानी सरकार तो भारत की मदद से चल रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट शुरू कराने वाली है और इधर मुफ़लिस पाकिस्तान के दोनों हाथ ख़ाली दिखाई दे रहे हैं। पाकिस्तान अपने ही बुने जाल में फंस गया है।

दिव्यांगजनों की अक्षमताओं को समझकर उनका विकास

किशन भावनानी

कई दिव्यांगजनों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यता एवं उत्कृष्टता को बार-बार साबित किया है। उन्होंने दुनिया को दिखा दिया है कि उनकी दिव्यांगता उनके सपनों को साकार करने की सीमा नहीं है। इससे साबित होता है कि यदि उन्हें उचित प्रोत्साहन दिया जाए और एक उपयुक्त वातावरण तैयार किया जाए तो वे किसी से पीछे नहीं रहेंगे। यह चिंता का विषय है कि बौद्धिक दिव्यांगजनों को कई बार भेदभाव और सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है जिससे समाज में उनका एकीकरण बाधित होता है। कई मामलों में परिवार के करीबी सदस्यों और स्थानीय समुदाय की मानसिकता को बदलने की आवश्यकता होती है।दिव्यांगजन समुदाय के सामने आने वाली कठिनाइयों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने कीआवश्यकता है। जागरूकता किसी भी गलतफहमी को दूर करेगी और उन्हें समानुभूति की ओर ले जाएगी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करउसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसंबर 2022 पर विशेष

सृष्टि की अद्भुत रचना मानव के संपूर्ण शरीर में हर अंग का अपना एक विशेष महत्व है, जिसके बल पर मानव अपनी दन्य क्रियाएं और अपने दैनिक जीवन यापन में उपयोग करता है जो सृष्टि का नियम भी है। परंतु इस शारीरिक सुखी जीवन में विघ्न की डोरी तब जुड़ जाती है जब शरीरका कोई अंग जन्मजात या दैनिक जीवन यापन के दौरान डैमेज होता है, फ़िर उसे दिव्यांग कहते हैं जिसमें उसके उस भाग या अंग संबंधी क्रियाएं मनुष्य नहीं कर सकता, जो उसके जीवन में अनेक परेशानियों का कारण बनती है। वैसे तो सृष्टि की 84 लाख़ योनियों में हर जीव को शारीरिक अंग है,परंतु जैसी मस्तिष्ककी शक्ति, बुद्धिमता मानवीय योनि को दी है, वैसी किसी अन्य योनि में नहीं है। हर मानवीय अंग का अपना एक विशेष महत्व है। हाथ,पैर मुंह, पेट, आंखें और मस्तिष्क सभी का प्रयोग मानव अपनी बुद्धि के अनुरूप बहुत ही खूबसूरत उपयोगिता से करता है।हालांकि आज के युग में मानवीय अंगों का कृत्रिम अल्टरनेट आ गया है, परंतु फ़िर भी वह कुदरत द्वारा रचित अंग से कम ही पड़ेगा, जबकि आर्थिक स्तर पर पिछड़े व्यक्ति के लिए यह संभव भी नहीं है। चूंकि 3 दिसंबर 2022 को हम अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मना रहे हैं, इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ दिव्यांगजनों की अक्षमताओं को समझकर उनका कौशलता विकास करें और राजनीतिक आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित करके मानवता का परिचय दें।

साथियों बात अगर हम दिव्यांगजनों की अनेक अंग विच्छेदन से उत्पन्न हुई अमाताओं को समझकर उनके कौशलता विकास की करें तो हमें भारत के सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के फार्मूले को अपनाकर विशेष रुप से दिव्यांगजनों की सहायताकरनी होगी। क्योंकि यदि हम दिव्यांगजनों के साथ-साथ सभी नागरिकों में मौजूद क्षमता का दोहन करने में विफल रहे तो भारत की विकास गाथा अधूरी रहेगी। दिव्यांगजनों की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रत्येक स्तरपर हमारी शासन प्रणाली को सुदृढ़ किया जाना चाहिए। इसके लिए हमें साथ मिलकर और तत्काल काम करना होगा। दिव्यांगजनों और के लिए सक्षमकारी वातावरण सृजित कर सहानुभूति और संवेदनशीलता पूर्वक कौशल विकास कर पुनर्वास के लिए

सक्षम बनाना ज़रूरी। दिव्यांगजनों और बुजुर्गों की सेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा है। इनके सामने आने वाली चुनौतियों के लिए समाज के विभिन्न स्तरोंपर संवेदनशीलता की आवश्यकता ज़रूरी।

साथियों बात अगर हम दिव्यांगजनों की करें तो आज के प्रौद्योगिकी युग में ऐसी अनेक सुविधाओं आर्टिफिशियल अंगहैं जिनकी सहायता से,समावेशी प्रोत्साहन से,सहानुभूति और संवेदनशीलता से, सक्षमकारी वातावरण सृजित करने से, दिव्यांगजनों का कौशल विकास करने से इत्यादि अनेक प्रकार से समाज़ के विभिन्न स्तरों पर शासन प्रशासन के सहयोग से दिव्यांगजनों की दिक्कतों परेशानियों को कम किया जा सकता है। बस जरूरत है हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं, सभ्यता को जागृत करने की! साथियों बात अगर हम माननीय पूर्वउपराष्ट्रपति द्वाराएक कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के बारे में संबोधन की करें तो, उन्होंने दिव्यांग समुदाय के प्रति लोगों की मानसिकता में बदलाव का आह्वान किया और कहा कि उनके खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव को रोकना सरकार और समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने उनके फलने-फूलने औरउत्कृष्टता हासिल करने के लिए एक वातावरण बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा,उन्हें हमारी सहानुभूति कीआवश्यकता नहीं है बल्कि वे अपनी पूरीक्षमता विकसित करने के लिए हरअवसर के हकदार हैं। सार्वजनिक स्थानों, परिवहन और निजी भवनों को कहीं अधिक सुलभ बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को दिव्यांग बच्चों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील बनाना भी महत्वपूर्णहै।उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि प्रौद्योगिकी से दिव्यांगजनों को बाहर न किया जाए। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय संस्थानों और विश्वविद्यालयों से सुलभ स्मार्ट प्रौद्योगिकी से संबंधित अपने काम में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने दिव्यांगजनों को छोटी उम्र से ही उनके कौशल की पहचान कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए सर्वांगीण प्रयास करने का आह्वान किया। सर्वेजना सुखिनो भवन्तु और वसुधैव कुटुम्बकम के हमारे प्रमुख मूल्यों को याद दिलाते हुए उन्होंने सरकार, निजी क्षेत्र, नागरिक समाज और परिवारों सहित सभी से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और अपने 'धर्म' यानी कर्तव्य का पालन करने के लिए पहल करने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों में दिव्यांगता संबंधी जोखिम की जल्द पहचान करने के महत्व पर जोर दिया और सभी राज्यों में हाल में स्थापित क्रॉस-डिसएबिलिटी अर्ली इंटरवेंशन सर्विस सेंटर (सीडीईआईएससी) जैसे कई केंद्र खोलने का आह्वान किया। उन्होंने एनआईईपीआईडी को बच्चों में दिव्यांगता संबंधी जोखिम का शीघ्र पता लगाने के लिए सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी जैसे संस्थानों के साथ गठजोड़ करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने बच्चों में दिव्यांगता संबंधी जोखिम का जल्द पता लगने पर माता-पिता को उपयुक्त परामर्श दिए जाने कीआवश्यकता को भी रेखांकित किया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लफ्ज़ भी ठगते हैं

लफ्ज़ भी ठगते हैं जरा संभल कर पढ़ना जुबां पे रख कर भी ये सच्चे नही होते...। होता नही कसमों का हकीकत से कोई वास्ता.. हर बात पर कसम खाने वाले सच्चे नही होते। बना लो तुम लाख किसी को अपना है जमाने भर में गर्द भरे रिश्ते दिल से जुदा चेहरे के मुखौटे कभी अच्छे नही होते।। तमाशा खुद का बन गया ख़ामोश रहे ये होंठ सीने पर लफ्जों के बोझ अच्छे नही होते।

- किरन भण्डारी

गोद में कविता

गोद में कविता कविता की गोद में मैं हां आजकल रहती हूं फुर्सत की धूप धूप में फुर्सत ख्वाब फहरे करती हूं होठों पर मुस्कान धरे धर मुस्कान होठों पर खुद पर हंसाई करती हूं कि सुना था मैने धंस गई हूक तो जग जाती हैं पीर।   **- मेनका त्रिपाठी**

ख़ास पाती

मुहब्बत का जानम इशारा

मुहब्बत का जानम इशारा नया है। तुम्हारा यूँ पलकें झुकाना नया है।। खुलेआम उल्फत का इज़हार करना। ये अंदाज़ भी कुछ तुम्हारा नया है।। लबों को तुम्हारे जो छूकर के निकले लगे वो हमें हर तराना नया है। नहीं छुप सकेंगे जहाँ की नजर से। दिवानी नई है दिवाना नया है। सुकूत ए नजर डालो रुख पे हमारे। तुम्हारा अजी मुस्कुराना नया है। अरी मुश्किलो सब्र से काम लेना। मेरी ज़िंदगी का मसीहा नया है। मुहब्बत में अपना दिया दिल अनिल ने। तुम्हारे लिये क्या मोजिज़ा नया है। **- अनिल शर्मा**

एनडीटीवी को बर्बाद करने मे

एनडीटीवी को बर्बाद करने मे हाथ मालिक प्रणव राय और पत्रकार रविश कुमार का है। मालिक प्रणव राय अडानी से कर्ज लेकर घी पी रहा था और उसी कर्ज मे रविश कुमार मोटा वेतन ले रहा था !!! चैनल कि स्तिथि के बारे मे कोई नहीं सोच रहा था। दोनों लोग स्वयं इस चैनल को अडानी के हाथों बेच दिए !! सोसल मिडिया से दुर रहने को कहने वाले अब यूट्यूब में चैनल खोलेंगे ।। मुझे उन लोगों कि बुद्धि में तरस आता है जो चैनल को बर्बाद करने वाले रविश कुमार और प्रणव राय को छोड़कर सरकार को दोष दे रहे हैं।   **- अंबर दानी**

प्रणय रॉय और उनकी पत्नी

प्रणय रॉय और उनकी पत्नी राधिका रॉय (आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड (RRPRH) इसी का पार्ट NDTV है) भी बिजनेसमैन है उनको अच्छा कीमत मिला बेच दिये। एक ब्यापारी के लिये लोग रूदाली बने है,जबकि वे बडे चालाकी से दौड मे बहुत पीछे और थके हुये ब्रांड को मंहगे कीमत पर बेच कर निकल लिये। **- एड. अरूण कुमार गुप्ता**

वादा वफा हो जाये कब चाहा

वादा वफा हो जाये कब चाहा था हमने समझा करो बस इतना चाहा है तुमसे दिल में रखते हो वो बात चाही थी कहनी कहना जो चाहो कह जाया करो हमसे।   **- बेनू सतीश कॉंत**

एक समारोह में अपलक वो

एक समारोह में अपलक वो मुझे देखती । सामने चाट फलों की थी मैं जब खा रही। उसने अभिवादन किया,स्वीकार मैंने किया। इंस्टाग्राम पर अपनी पहचान थी।। बात करने लगे, पहचान एक दूजे की थी पुरानी बड़ी।

- सविता वर्मा 'ग़ज़ल'

सुनो अच्छा होता है न चुपचाप

सुनो अच्छा होता है न चुपचाप अकेले बैठ सोचना सबकुछ ही सिवा तुम्हारे तुम्हें बता कर और कभी कभी अच्छी होती है बालों की बेतरतीबी भी तुम्हारे छुए बिन खुद के बंधन की सुनो सुनो रुको, तुम यहीं रुको, कि जा रही हूँ अब मैं रूठ कर तुम्हारी नहीं खुद की बेरुख़ी से कि तुमसे इतर कुछ सूझता ही नहीं न,, अलविदा।

- शुचि 'भवि'

जहां तक पथ था वहां तक चल

जहां तक पथ था वहां तक चल आया पहाड़, जंगल कांटे और कंकड़ पत्थर सब पांवों से छल आया अब नदी किनारे आ ठहरा हूं पग पानी पर तो चलते नही है। मैं कोई राम नही जल मुझको मार्ग नही देगा अब तो एक नाव चाहिए प्रतीक्षा है एक खेवट की जो उस पार लगा देगा इतना तो साथ सभी को चाहिए क्या मैं और क्या राम।   **- कुलदीप वर्मा**

QUIZ TIME

1) संगमकालीन प्रशासनिक व्यवस्था में बड़े गाँव को क्या कहा जाता था?
2) ब्लू बेबी सिंड्रोम बीमारी, जल में किसकी अधिकता के कारण हो जाती है?
3) पेड़ की शाखा हिलाने पर उसके फलों के टूटकर नीचे गिरने का कारण क्या है?
4) वर्ष 1969 में शून्य आधारित बजट का निर्माण किसने किया था?
5) किसे मौखिक पुनर्जलीकरण चिकित्सा का नेतृत्व करने का श्रेय दिया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पेरूर (2) नाइट्रेट (3) जड़त्व का नियम (4) पीटर ए. पियर (5) दिलीप महालनोबिस

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1790-लार्ड कार्नवालिस ने आपराधिक मामलों में न्याय की ताकत मुशिर्दाबाद के नवाब से छीन कर अपने हाथ में कर ली और सदर निजामत अदालत को कोलकाता स्थानांतरित कर दिया। 1796-बाजी राव द्वितीय को मराठा साम्राज्य का पेशवा बनाया गया। 1824-अंग्रेज़ों ने मद्रास और मुंबई से कुमुक मंगा कर फिर कित्तूर का किला घेर लिया। 1829-वायसराय लॉर्ड विलियम बैंटिक ने भारत में सती प्रथा पर रोक लगायी। 1884-भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद का जन्म। 1889-स?वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस का जन्म। 1967-इंडोनेशिया के पूर्व राष्ट्रपति सुकर्णो नजरबंद किये गए। 1971-परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक लांस नायक अल्बर्ट एक्का का निधन। 1971-भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद देश में आपातकाल लागू हुआ। 1972-होन्डुरान के सेना जनरल ओस्वाल्डो लोपेज अरेलानो ने राष्ट्रपति रमोन क्रूज का तख्ता पलट किया। 1975-लाओस गणराज्य घोषित। 1977-जीन बेडेल बोकासा ने स्वयं को मध्य अफ्रीकी साम्राज्य का सम्राट घोषित किया। 1979-भारत के ख्याति प्राप्त हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का निधन। 1982-टेस्ट क्रिकेट मैच में दोहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला मिताली राज का जन्म। 1984-भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से जहरीली गैस लीक होने से कम से कम 3000 लोग मारे गए और कई हजार व्यक्ति शारीरिक विकृति के शिकार हो गए।

सीएम ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी दिव्यांगजनों को 03 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों के उज्ज्वल और सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि दिव्यांग भी मुख्यधारा का ही हिस्सा हैं। निःशक्तता सिर्फ एक शारीरिक कमी है, यह समझने के लिए समाज में जागरूकता की जरूरत है। निःशक्त व्यक्तियों के लिए समान अधिकार, तरक्की और विकास के रास्ते सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजन के सर्वांगीण विकास और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है। दिव्यांग दिवस तभी सार्थक हो सकता है जब सभी निःशक्त व्यक्ति अन्य नागरिकों के समान ही आर्थिक और सामाजिक स्थिति पा सकें। भावी पीढ़ी को दिव्यांगता से बचाने के लिए हमें उनके पोषण और स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक होने की जरूरत है।

दिव्यांगजन को सहानुभूति नहीं साथ की जरूरत: भेंडिया

रायपुर/नवप्रदेश। समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया ने सभी दिव्यांगजन को 03 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं दी है। भेंडिया ने कहा कि दिव्यांगता एक शारीरिक अवस्था है, जिसका प्रतिभा पर प्रभाव नहीं पड़ता। दिव्यांगों में हौसले और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें हमारी सहानुभूति नहीं हमारे साथ की जरूरत है, जिससे दिव्यांगजन अपने हौसलों को उड़ान दे सकें। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन को विकास के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। इस दिशा में हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। श्रीमती भेंडिया ने कहा कि कुपोषण और बीमारी अधिकांशतः निःशक्तता की जड़ होते हैं। इस दिशा में सामाजिक जागरूकता और सहयोग की जरूरत है, जिससे भावी पीढ़ी को स्वस्थ और सक्षम बनाया जा सकें।

विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक पारित : अब देश में सबसे ज्यादा आरक्षण छत्तीसगढ़ में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) संशोधन विधेयक 2022 पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज का दिन बहुत विशेष दिन है। क्योकि आज महत्वपूर्ण और विशेष निर्णय हुए हैं इसलिए विधानसभा के सत्र को विशेष सत्र कहा गया। आरक्षण संशोधन विधेयक में अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। इसी प्रकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 4 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। सदन में आज दो विधेयक छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2022 तथा छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्था (प्रवेश में आरक्षण) (संशोधन) विधेयक, 2022 सर्वसम्मति से पारित किया गया। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) 1994 के छत्तीसगढ़ राज्य में अनुकूलन के बहुत लम्बे समय बाद वर्ष 2011-12 में तत्कालीन सरकार जागी थी। आज उस सरकार के लोग विपक्ष में हैं और वे हम पर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन 2004 से लेकर 2012 तक की लम्बी अवधि तक जब अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों का नुकसान होता रहा तब इन्हें इस बात की चिन्ता क्यों नहीं हुई। आज जब हमारी सरकार संशोधन विधेयक के माध्यम से इन वर्गों के लिए प्रावधान लेकर आई है तब वे न तो आरक्षण की जरूरत पर चर्चा कर रहे हैं और न इस बात पर कि छत्तीसगढ़ की परिस्थितियां क्या है।

तत्कालीन सरकार ने रिपोर्ट पेश नहीं की

सीएम ने कहा कि तत्कालीन सरकार के कार्यकाल में सरजियस मिंज कमेटी की रिपोर्ट को तत्कालीन सरकार ने प्रस्तुत ही नहीं की। सरजियस मिंज कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अन्य प्रदेशों में आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक है और इसे छत्तीसगढ़ में बढ़ाया जा सकता है, इस रिपोर्ट को भी हाईकोर्ट में जमा नहीं किया। उन्होंने इंदिरा साहनी प्रकरण का उल्लेख किया जा रहा है, उस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार अपने राज्यों के परिस्थिति के अनुरूप 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण करने का निर्णय कर सकती है।

सर्वे में आया रिपोर्ट, फिर रखा प्रावधान : मुख्यमंत्री ने कहा कि क्वांटिफाइबल आयोग के डेटा में ईडब्ल्यूएस का आंकड़ा 3.48 प्रतिशत ही आया है, जबकि हमने 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। इसी तरह ओबीसी की जनसंख्या 42.41 प्रतिशत है जबकि हमने उन्हें 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 12 प्रतिशत से कुछ अधिक थी। हमने 13 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। यदि आगामी जनगणना में 16 प्रतिशत जनसंख्या आती है तो हम 16 प्रतिशत आरक्षण देंगे, जैसा कि पक्ष-विपक्ष के लोग मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति को उनकी जनसंख्या के अनुसार ही आरक्षण देने का प्रावधान है। आरक्षण के मामले में जिला एवं संभाग संवर्ग में निश्चित रूप से रोस्टर लागू होगा। जिन स्थानों पर सामान्य वर्ग की जनसंख्या ज्यादा है, वहां पर संभाग/जिला संवर्ग में ईडब्ल्यूएस को जनसंख्या के अनुपात में अधिकतम 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा।

राज्यपाल से करेंगे आग्रह

मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षण विधेयक की जितनी चिन्ता हम सब को है उतनी ही राज्यपाल महोदया को है, वे कह चुकी हैं कि उनके सामने विधायक आते ही वे तत्काल दस्तखत करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विधेयक पारित होते ही वे मंत्रियों सहित राजभवन जाएंगे और आज ही राज्यपाल महोदया से दस्तखत करने का आग्रह करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी दलों से आग्रह किया कि सभी दल दलगत भावना से उपर उठकर छत्तीसगढ़ की सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिलकर छत्तीसगढ़ में आरक्षण के नए प्रावधानों को 9वीं अनुसूची में शामिल करने का प्रयास किया जाए।

5 खेलों के लिए राजधानी रायपुर सहित 7 जिलों में खुलेंगे खेलो इंडिया सेंटर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन और फुटबॉल समेत पांच खेलों के खिलाड़ियों को जल्द ही खेलो इंडिया ट्रेनिंग की सौगात मिलने जा रही है। भारत सरकार ने रायपुर समेत 7 जिलों में नए खेलो इंडिया ट्रेनिंग सेंटर खोलने की मंजूरी दे दी है। छत्तीसगढ़ खेल विभाग ने केंद्र सरकार के पास वेटलिफ्टिंग समेत कई खेलों के सेंटर खोलने के लिए प्रस्ताव भेजा था जिसमें से वेटलिफ्टिंग, फुटबॉल, बैडमिंटन, खो-खो और कबड्डी के ट्रेनिंग सेंटर खोलने को स्वीकृति मिली है। वेटलिफ्टिंग और फुटबॉल के दो-दो जिलों में सेंटर खोले जाएंगे। नए सेंटर अगले माह तक चयनित जिलों में शुरू कर दिए जाएंगे। रायपुर व बालोद में वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन खेल का सेंटर रायगढ़ में,फुटबॉल के ट्रेनिंग सेंटर बलौदाबाजार और सुकमा में, कांकेर में खो-खो और पाटन दुर्ग में कबड्डी खेल की ट्रेनिंग दी जाएगी। भारत सरकार की ओर से खेलो इंडिया सेंटर संचालित करने के लिए प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए की मदद मिलेगी। इसमें 5 लाख रुपए अधोसंरचना विकास, 2 लाख रुपए खेल संसाधन में खर्च किए जाएंगे। वहीं 3 लाख रुपए प्रतिवर्ष प्रशिक्षक को 25 हजार रुपए प्रति माह मानदेय के रूप में देने के लिए मिलेंगे। सेंटर को संचालित करने की जिम्मेदारी राज्य खेल विभाग की होगी। सात नए सेंटर खुलने के बाद अब छत्तीसगढ़ में कुल 14 खेलो इंडिया ट्रेनिंग सेंटर हो जाएंगे। इससे पहले नारायणपुर में मलखम्भ, बीजापुर में तीरंदाजी, शिवतराई (बिलासपुर) में तीरंदाजी, गरियाबंद में वालीबॉल, सरगुजा में फुटबॉल, जशपुर में हॉकी और राजनांदगांव में हॉकी के खेलो इंडिया लघु केंद्र खोलने को मंजूरी मिल चुकी है। इन जिलों को 7-7 लाख रुपए का बजट भी जारी कर दिया गया है।

रेलवे समपार फाटक गेट पर मरम्मत के लिये सड़क यातायात बंद रहेगा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेल मंडल के कुम्हारी ़/केबिन स्टेशनों के मध्य स्थित समपार फ ाटक कमाक 430(किमी.842/7-9 मिडिल(स्ब्रूष्ठ) लाईन) कुगदा रेलवे समपार फाटक पर रेलवे ट्रैक की मरम्मत का कार्य 3 दिसंबर को सुबह 8:00 बजे से 6 दिसंबर की सुबह 8:00 बजे तक समपार फाटक पर सड़क आवागमन बंद रहेगा।

पांच सिंचाई योजनाओं के लिए 24.90 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की पांच विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 24 करोड़ 90 लाख 23 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजनाओं के कार्य पूर्ण होने से 1656 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। कोरिया जिले के खड़गंवा विकासखण्ड अंतर्गत उदनापुर जलाशय योजना के मुख्य नहर में सी.सी. नाली निर्माण नहर बेड की सफाई तथा बैंक की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य आर.डी. 1370 मी. से 3500 मी. एवं माइनर नहर आर.डी. 470 मी. 700 मी. तथा कुलावा फिक्सिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 44 लाख 94 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूर्ण होने से 403 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड सोनहत में जलाशय बांध में सी.सी.चैनल निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 41 लाख 23 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूर्ण होने से 156 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड सोनहत की रजौली बांध सी.सी. चैनल निर्माण और अन्य कार्य के लिए दो करोड़ 91 लाख 52 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। कार्य के पूर्ण होने से 91 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ की खरला व्यपवर्तन योजना के नहर लाईनिंग, पक्के कार्य एवं मिट्टी कार्य के लिए चार करोड़ 20 लाख 39 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। कार्य के पूर्ण होने से 526 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड राजपुर की लवंगपानी जलाशय योजना के लिए 11 करोड़ 92 लाख 15 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। कार्य के पूर्ण होने से 480 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

होटल के सामने खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। मरीन ड्राइव स्थित मद्रासी ग्रीन होटल के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र पटेल 25 वर्ष कर्मचारी कालोनी कुशालपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडी 1018 से मरीन ड्राइव स्थित मद्रासी ग्रीन होटल गया था। जहां वह अपनी बाइक को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर ने किया सेवाकर्मियों का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर द्वारा अमलीडीह जोन के अंतर्गत तालाबों की सफाई कार्य और पौधों की देखभाल के उपरांत लगाए गए बोर्ड का आमा तालाब, देवपुरी में उद्घाटन किया गया एवं सेवा कर्मियों का सम्मान किया गया। ग्रीन आर्मी ऑफ रायपुर के छेरीखेड़ी जोन के प्रभारी विवेक बर्धन ने बताया कि देवपुरी के आमा तालाब एवं पादरी तालाब में रोपे गए वृक्षों की सुरक्षा, तालाब की साफ-सफाई के लिए आम जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए और पर्यावरण के प्रति रुचि बढ़ाने दो साईन बोर्ड लगाया गया और एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर देव शंकर दत्ता द्वारा प्रदान किए गए पीपल के पौधे का रोपण ग्रीन आर्मी परिवार के सहयोग से किया गया। एन आर नायडू के नेतृत्वमें एक उखाड़े गए पीपल के वृक्ष को नगर निगम के सहयोग से तालाब पर पुनः लगाया गया। उसकी पूजा की गई और ईश्वर से वृक्ष के पुनः स्थापित होकर पहले की तरह लहराने की प्रार्थना की गई। वृक्षारोपण ग्रीन आर्मी परिवार द्वारा कृषि वैज्ञानिक श्री विजय जैन जी के निर्देशों के अनुसार किया गया। पर्यावरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए देवपुरी वार्ड की टीम, डॉल्फिन ज्वेलो की टीम, अमलीडीह की टीम, स्थानीय नागरिकों और वार्ड 53 के नगर निगम कर्मियों का ग्रीन आर्मी के द्वारा सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्रीन आर्मी के संस्थापक अमिताभ दुबे,पार्षद प्रतिनिधि ऋषि बारले, आरडीए सदस्य हिरेंद्र देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि नानू ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि चंपालाल देवांगन, सेंट्रल कोर कमेटी व्हाइट विंग के अध्यक्ष गुरदीप सिंह टुटेजा, किशोर बरड़िया, अनिल वर्मा, पुरुषोत्तम चंद्राकर, पी के साहू, आर बी साहू, पंचराम साहू, जोन अध्यक्ष मोनिका बागरेचा, राजू लाल यादव, प्रकाश राव, संगीता देवांगन, जिया उल हक, भागवत साहू, केबी अग्रवाल, शिव साहू, भरत साहू, डिक्सन, रामेश्वर साहू, अर्जुन लहरी, राजा जोशी, संजय भौमिक, गज मोहन साहू, आयुष गोयल, डॉ. बसंत जयसवाल, समीर चट्टोपाध्याय, मुकेश राणा, अंशुमन पांडे, राजेंद्र पाणिग्रही, देव सिंह, सुनील करमाकर, बी मित्रा, श्रद्धा नायक, वंदना अग्रवाल जी, ए एन झा, डिडवानिया, मुरारी, एम के बाईन, कुमारी पूनम चंद्राकर, प्रशांत जायसवाल, मोंटू बाईन, आहिन पाल, कन्हैया लाल सोनी, लखन लालवानी, संदीप घोष, कैलाश गिरी, आरआर वैष्णो, आर डी दहिया, वेदव्यास मिश्रा, लाला साहू, नीरज तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ला, गोपाल साहू, हेमंत सिंह ठाकुर सहित स्थानीय नागरिक, ग्रीन आर्मी परिवार के सदस्य एवं बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

चार्जिंग में भूले यात्री के मोबाईल को रेसुब की टॉस्क टीम ने लौटाया

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर मोबाईल फोन चार्जिंग में लगाकर भूल गये यात्री के मोबाईल हैंडसेट को रेलवे सुरक्षाबल की टास्क टीम ने खोज खबर के बाद यात्री को वापस लौटाया। इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार टास्क टीम प्रभारी उप निरी ए. जेड. चौधरी प्र. आ. बी.सी. बंजारे के साथ गुरूवार को 1.30 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन में गश्त एवं जांच कर रहे थे। इस दौरान प्लेट फार्म नं 1 पोल के चबूतरा के पास एक एम. आई कम्पनी का मोबाईल लावारिस हालत में चार्जिंग में लगा मिला। आस पास पूछताछ करने किसी भी यात्री ने अपना हैंडसेट चोरी होने अथवा गुम होने की बात से इंकार किया। लावारिस हालत में मिले फोन के नंबर से संपर्क कर फोन मालिक को फोन करके बुलाया तब वह आया और अपना नाम राजकुमार चौहान, पिता गुंडा चौहान उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम मोखापुटका थाना सरायपाली जिला महासमुंद बताया कि चार्जिंग में लगाया था। भूलवश प्लेटफार्म 3 में चला गया था तब उसने बताया कि वह रायपुर से यशवंतपुर जाने के लिए जनरल टिकट न.ङ्म32293413 लेकर रायपुर स्टेशन आया था।

बैंक ऑफ बड़ौदा आरंग शाखा द्वारा किया गया किसान मेले का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। बड़ौदा किसान पखवाड़े के अंतर्गत रायपुर क्षेत्र के आरंग शाखा द्वारा एक विशाल किसान मेले का आयोजन लखौली ग्राम के गोठान परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यालय अधिकारी श्री आकाश छिकारा, अन्मय कुमार मिश्रा उप महाप्रबंधक् (नेटवर्क छत्तीसगढ़), श्री अमित बैनर्जी क्षेत्रीय प्रमुख रायपुर, अमित रंजन अग्रणी जिला प्रबंधक, कुंदन कुमार (डीपीएम एनआरएलएम) और आरंग के शाखा प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। किसान मेले में आस पास के गांव के पंच-सरपंच सहित लगभग 500 से अधिक किसानों ने भाग लिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किसानों को उनकी महत्व की बातें बताते हुए उनका मार्गदर्शन भी किया। बैंक ऑफ बड़ौदा की तरफ से छत्तीसगढ़ नेटवर्क प्रमुख श्री अन्मय कुमार मिश्रा द्वारा सभी किसानो को फसल बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, बैंक के इतिहास और कृषकों के साथ बैंक का जुड़ाव, आधुनिक युग मे डिजिटल बैंकिंग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। क्षेत्रीय प्रमुख श्री बैनर्जी द्वारा आधुनिक खेती के बारे में विस्तृत्त जानकारी प्रदान की गई, उन्होंने बताया कि किस तरह से किसान पारंपरिक एवं मौसमी खेती पर निर्भर ना रहकर आधुनिक कृषि तकनीक एवं कृषि उत्पादों में मूल्य संवर्धन कर स्वयं को खुशहाल एवं संपन्न बना सकते है। उन्होंने बताया कि बैंक सदैव ही कृषक हित में अग्रणी रहा है और आगे भी रहेगा। किसान मेले में किसानों, महिला समूह व् प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण के अंतर्गत 18 लाभार्थी को एक करोड़ की ऋण वितरित किए गए। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के हाथों कृषकों, ग्राहकों को चेक एवं ट्रैक्टर की चाबी वितरित करते हुए उनका अभिवादन किया गया। अंत में आरंग शाखा के शाखा प्रबंधक द्वारा बड़ौदा किसान मेले में आए विशिष्ट अतिथि सहित सभी आगंतुक किसानों का आभार व्यक्त किया गया।

कलेक्टर ने दिव्यांग खिलाड़ियों को दो सेट कम्पलीट क्रिकेट सामग्री भेंट किया

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने आज समाज कल्याण विभाग जिला रायपुर अन्तर्गत जिला निराश्रित निधि से छत्तीसगढ़ दिव्यांग व्हीलचेयर क्रिकेट क्लब रायपुर के 15 सदस्यीय दिव्यांग खिलाड़ियों की टीम को दो सेट कम्पलीट क्रिकेट सामग्री कीट प्रदाय किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग जिला रायपुर के संयुक्त संचालक नदीम काजी, अमित परिहार परिवीक्षा अधिकारी एवं अन्य कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ भुरे द्वारा समस्त दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों को क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर जिले का नाम रोशन करने हेतु अपील किया है तथा भविष्य में किसी भी प्रकार का सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर समस्त दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा कलेक्टर एवं समाज कल्याण विभाग का धन्यवाद आभार प्रकट किया गया।

संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित हितग्राहियों को आवासीय भू-खण्ड / भवन / फ्लैट/ दुकान 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड / भवन / फ्लैट को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिनका फ्री होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	भू-खण्ड / भवन / फ्लैट/ दुकान क्र.	क्र.	आबंटी का नाम	भू-खण्ड / भवन / फ्लैट/ दुकान क्र.
सामान्य आवास योजना बोरियाकला रायपुर			अटल आवास योजना कुरा धरसींवा, रायपुर		
1	श्री सुनील विजयवर्गीय पिता श्री मोहनलाल विजयवर्गीय	रोजवुड-II / 42	7.	श्री सुनील कुमार साहू पिता श्री खेलन राम साहू	अटल आवास भवन क्र.-274
2.	1.श्रीमती फरहीन फातिमा पति श्री मजहर अली खान 2. श्री मजहर अली खान पिता श्री गौहर अली खान	रोजवुड-I/08	8.	श्री अंचित कुमार साहू पिता श्री खेलन राम साहू	अटल आवास भवन क्र. - 214
सामान्य आवास योजना कचना फेस-I रायपुर			सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार डुमरतराई रायपुर		
3.	श्री मुकेश एस. सिंह पिता श्री एस.एस. सिंह	एम.आई.जी. डीलक्स भवन क्र-36	9.	श्री मनीष कुमार गुलगुलिया पिता श्री गिरधारीमल गुलगुलिया	दुकान क्र. सी-19
दीनदयाला आवास योजना बोरियाकला रायपुर			10.	श्री वासुदेव देवानी पिता स्व. श्री नारूमल देवानी	दुकान क्र. सी-82
4.	श्रीमती रमशीला दीवान पति स्व. श्री एम.आर. दीवान	एल.आई.जी. फ्लैट क्र. 66 ब्लॉक-05 भू-तल	11	श्री दीपक कुमार संगतानी पिता श्री योगेश कुमार संगतानी द्वारा मु.आ. 1. श्री जयराम बख्त्यार 2. श्री अमरलाल बख्त्यार दोनो के पिता श्री चेतन लाल बख्त्यार	दुकान क्र. बी-12
वानिज्य शॉप एवं स्टुडियों अपार्टमेंट शंकर नगर रायपुर					
5.	श्री योगेन्द्र जैन पिता श्री नरेन्द्र कुमार जैन	दुकान क्र. 18 भू-तल			
विशेष आवासीय योजना धरमपुरा फेस- I रायपुर			दीनदयाल आवास योजना धनसुली, रायपुर		
6	श्री चन्द्रशेखर तिवारी पिता स्व. डॉ. देवनाथ तिवारी	एच.आई.जी. भू-खण्ड क्रमांक- 163	12	मिर्जा अजीम बेग पिता श्री अब्राहिम बेग	भवन क्रमांक एल.आई.जी. - 14

संपदा अधिकारी

कार्यालय जोन क्रमांक-3 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 75/न.पा.नि./ जोन-03/2022-23 — रायपुर, दिनांक 01.12.2022

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 16.12.2022 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 19.12.2022 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 22.12.2022 कार्यालयीन समय 4.00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 22.12.2022 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण	समयावधि
01	शंकर नगर वार्ड क्र. 30 अंतर्गत मणिकर्णिका मुक्तिधाम में पेवर, बॉउण्ड्रीवॉल, प्लांटेशन एवं अन्य मरम्मत कार्य।	7.91	8000/-	750/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पीडब्ल्यूडी भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह
02	शंकर नगर वार्ड क्र.30 अंतर्गत घासीराम निहाल के घर से सीताराम के निवास तक सी.सी. नाली संधारण कार्य।	1.69	2000/-	300/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पीडब्ल्यूडी भवन दिनांक 01.01.2015 संशोधित एस.ओ.आर.)	01 माह
03	लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र. 34 अंतर्गत आनंद नगर में पुरानी पाईप लाईन तथा पुरानी नल कनेक्शन का बंद करने का कार्य।	1.38	2000/-	300/-	'डी' एवं इससे ऊपर	प्रपत्र 'अ' (पीएचई दिनांक 01.06.2020 संशोधित एस.ओ.आर.)	02 माह

1. सक्षम श्रेणी में पंजीकृत तथा कार्य के अनुभवी ठेकेदारों से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
2. लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज ।
3. लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
4. (अ)+(ब) एक अन्य तीसरे लिफाफा (स) में भरकर ही स्पीड के द्वारा प्राप्त किया जावेगा ।
5. सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जावेगा जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में 'अ' (अमानती राशि, शपथ-पत्र, दस्तावेज), 'ब' (निविदा प्रपत्र), 'स' अंकित होना अनिवार्य है।
6. निविदा जमा करने की तिथि एवं खोलने के तिथि में किसी वजह से अवकाश घोषित होता है तो वह कार्यालयीन दिवस में किया जावेगा।
7. समक्ष ई-रजिस्ट्रेशन, बैक सालवेंसी, लास्ट तीन साल आईटीआर, पेन कार्ड, जीएसटी रजिस्ट्रेशन एवं लास्ट तीन माह क्लीयरेंस डिटेल, अमानती राशि का एफ.डी.आर. के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
8. 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा ।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है ।
10. निविदा संबंधी अन्य शर्ते एवं जानकारियों कार्यालय अवधि / दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
11. उक्त निविदा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है ।

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक-03
नगर पालिक निगम, रायपुर

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जूनवानी भिलाई में रा.से.यो. एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्व एड्स दिवस विषय में निबंध प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देवदत्त, द्वितीय स्थान झरना ठाकुर, तृतीय स्थान कल्याण एवं सांत्वना पुरस्कार मुस्कान एवं निकिता को दिया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देवदत्त, द्वितीय कल्याणी, तृतीय झरना ठाकुर एवं सांत्वना पुरस्कार अनामिका एवं संध्या को दिया गया। निबंध प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका हिन्दी विभाग की सहा. प्राध्यापक डॉ. श्रद्धा मिश्रा ने निभाई। रंगोली प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका माईक्रोबॉयोलाजी

विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रचना चैधरी एवं डॉ. भुनेश्वरी नायक ने निभाई। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नीरा पांडे एवं शिक्षा विभाग की सहा. प्राध्यापक डॉ. वंदना सिंह ने निभाई। महाविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता का यह कार्यक्रम सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि इस तरह के कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए प्रतियोगिता के माध्यम से दिये गये संदेश बहुत ही बहुमूल्य है तथा इसके साथ ही विजेताओं को बधाई दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि विश्व एड्स दिवस जागरूकता अभियान है इस दिवस पर एड्स के द्वारा होने वाले दुष्परिणाम एवं एड्स के रोकथाम के लिए हमें अनेक तरह के कार्यक्रम करवाते रहना चाहिए तथा इसमें जिन विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दी उनको बधाई देते हुए विजेताओं शुभकामनाएं दी एवं प्रोत्साहित किया।

10 से मेगा जॉब फेयर रायपुर में

दुर्ग। 10 से 15 दिसम्बर के मध्य रायपुर में मेगा जॉब फेयर आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 91 नियोजक संस्थान में उपलब्ध 46616 पदों के लिए विभिन्न सेक्टरों - परिधान 12800 पद, बैकिंग एंड फाइनेंसियल के लिए 255 पद, सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं के लिए 2805 पद, स्वास्थ्य सेवा के लिए 150 पद, पर्यटन और आतिथ्य के लिए 3055 पद, संभार तंत्र के लिए 1801 पद, उत्पादन के लिए 18628 पद, खुदरा के लिए 6480 पद, सुरक्षा एवं बचाव के लिए 642 पदों आदि के लिए प्री रजिस्ट्रेशन गुगल फार्म लिंक bit.ly/jobfair–application द्वारा इच्छुक आवेदक रजिस्ट्रेशन कर सकते है। प्री रजिस्ट्रेशन के लिए दिनांक 05 दिसंबर को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक में प्री रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक 05 दिसंबर समय प्रातः 10:30 बजे अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छत्तीसगढ निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड उक्त समस्त दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफके साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक में उपस्थित हो सकते है।

कामधेनु विश्वविद्यालय में 'अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.(कर्नल) एन.पी. दक्षिणकर के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में विश्वविद्यालय पुस्तकालय ने 1 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्यशाला अवेयरनेस प्रोग्राम ऑन जे-गेट सेरा का आयोजन किया । विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.(कर्नल) एन.पी. दक्षिणकर ने दीप प्रज्वलन कर इस कार्यशाला का शुभारंभ किया। कुलपति जी ने इस कार्यशाला में ऑनलाइन/ऑफलाइन (हाइब्रिड) मोड में जुड़े हुए सभी सहभागियों तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है। सेरा एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से आप शोध आलेखों को आसानी से पढ़ व डाउनलोड कर सकते हैं। इसके माध्यम से कृषि, जैविक विज्ञान, जैव चिकित्सा विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, सामाजिक और प्रबंधन विज्ञान से संबंधित आलेखों, पुस्तकों और शोध पत्रिकाओं को ऑनलाइन पढ़ सकते हैं। विश्वविद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों एवं पाठकों को दी जाने वाली

सेवाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।

अधिष्ठाता डॉ.एस.के.तिवारी ने इस कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए यह कार्यशाला बहुत ही महत्वपूर्ण है सेरा ऑनलाइन पोर्टल में आप उन सभी आलेखों, शोध पत्रिकाओं का अध्ययन कर सकते हैं जो आपकी स्थानीय पुस्तकालय में उपलब्ध नहीं होते हैं। जे-गेट सेरा यूजर्स को लेखक के नाम, संस्था, की वर्ड्स आदि के द्वारा किसी भी शोध आलेखों को खोजने की सुविधा प्रदान करता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ.आर.के. सोनवाने ने अपने स्वागत भाषण में सेरा पोर्टल के माध्यम से पाठकों को दी जाने वाली सुविधाओं की महत्व को प्रतिपादित करते हुए ऑनलाइन/ऑफलाइन (हाइब्रिड) मोड के माध्यम से जुड़े हुए सभी प्रतिभागियों को संबोधित कर कहा कि यह कार्यशाला आपके व्यवहारिक एवं प्रायोगिक ज्ञान में सहायक है। विश्वविद्यालय पुस्तकालय आधुनिकतम तकनीक से परिपूर्ण है। कार्यशाला में इंफॉर्मेटिक्स बेंगलुरु के सीईओ संजय ग्रोवर एवं विषय विशेषज्ञ तथा प्रशिक्षक महेंद्र नाथ सरकार ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से ऑनलाइन/ऑफलाइन मोड में जुड़े हुए सहभागियों को सेरा की उपयोगिता सेरा के माध्यम से कैसे शोध आलेखों, थीसिस, प्रोसिडिंग, ई-जनरल, ई-बुक्स को एक्सेस किया जा सकता है आदि से अवगत कराया। सेरा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की भारत के समस्त कृषि, पशुपालन, मात्स्यिकी, उद्यानिकी विश्वविद्यालयों को दी जाने वाली एक प्रकार की ई लर्निंग पोर्टल सुविधा है जिसमें आप विश्वविद्यालय के बाहर से भी ऑनलाइन शोध आलेखों, ई-बुक्स को पढ़ व डाउनलोड कर सकते हैं। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.आर.के.सोनवाने, निदेशक शिक्षण डॉ.एस.पी.इंगोले, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ.संजय शाक्य, अधिष्ठाता डॉ.एस.के.तिवारी, निदेशक पंचगव्य संस्थान डॉ.के.एम.कोले, विषय विशेषज्ञ महेन्द्र नाथ सरकार, सह-आयोजक डॉ.शिवेश देशमुख, इंजी.संकल्प बहादुर सिंह, प्राध्यापकगण, अध्ययनरत छात्र-छात्राऐं तथा आनलाइन मोड में देशभर से 185 से अधिक प्रतिभागियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सविता बिसेन तथा आयोजन सचिव एवं विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

3662 युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया कौशल

■ 70 हजार युवाओं ने कराया है रजिस्ट्रेशन

दुर्ग/नवप्रदेश। सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। सेना भर्ती के पहले दिन 4 जिलों के 5586 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 3662 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। 1 दिसंबर से 8 दिसंबर तक होने वाली भर्ती का विवरण इस तरह है। 2 दिसंबर को बलरामपुर, बेमेतरा, जांजगीर चांपा, 3 दिसंबर को बलौदाबाजार, मुंगेली, 4 दिसंबर को बिलासपुर, कोंडागांव, कोरिया, रायगढ़, 5 दिसंबर को बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, गरियाबंद, कबीरधाम, कोरबा, जशपुर, राजनांदगांव, 6 दिसंबर को धमतरी, जीपीएम जिला हिस्सा लेंगे।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

■ रंगोली, चित्रकला और निबंध के जरिए छात्र-छात्राओं ने दिया एड्स जागरूकता का संदेश

दुर्ग/नवप्रदेश। पुष्पेन्द्र कुमार मीणा कलेक्टर व अध्यक्ष इंडियन रेडक्रास सोसायटी एवं अभय जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में एड्स दिवस के अवसर पर जूनियर रेडक्रास शाखा द्वारा एच.आई.व्ही./एडस् रोग के विषय में परिचर्चा कार्यक्रम के साथ-साथ विद्यालयों के जूनियर रेडक्रॉस के छात्र-छात्राओं हेतु निबंध प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शास.जे.आर.डी. उच्च. माध्य. विद्यालय दुर्ग के टैगोर हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में जुनियर रेडक्रॉस के द्वारा आयोजित पैदल रैली को जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए एड्स जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए भ्रमण किये। विश्व एड्स दिवस के अवसर में पुष्पेन्द्र कुमार मीणा कलेक्टर व अध्यक्ष इंडियन रेडक्रास सोसायटी, डॉ. जे.पी. मेश्राम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व सचिव इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, अमित घोष सहायक संचालक, तनवीर अकील सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं डी.एस.पी. मणिशंकर चन्द्रा को आर.के साहू कार्यक्रम प्रभारी एवं वरिष्ठ काउंसलर श्रीमती सरिता अग्रवाल यूथ रेडक्रॉस के वालेण्टियर एवं काउंसलरों ने रेड रिबन लगाया । कार्यक्रम में दुर्ग से जिले से लगभग 400 जूनियर रेडक्रास के छात्र-छात्राएं एवं प्रभारीगण सम्मिलित हुए ।

विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग से काउंसलर राजेश्वरी साहू, अभय ताम्रकर (एस.टी.आर.), भावनी सिन्हा, एवं लतीना उमरे के द्वारा एच.आई.व्ही./एड्स विषय पर छात्र-छात्राओं को एड्स रोग पर विस्तृत जानकारी, एड्स रोग फैलने के कारण, जागरूकता, नियंत्रण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

अब सोमवार को 11 से 2 बजे कलेक्टर जनदर्शन व मंगलवार को समय सीमा की होगी बैठक

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को आयोजित की जाने वाले समय सीमा बैठक और जनदर्शन में आंशिक बदलाव किया गया है, जिसके तहत कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देशानुसार अब कलेक्टर जनदर्शन (कलेक्टर जन चौपाल) मंगलवार की जगह प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 से 2 बजे के मध्य व साप्ताहिक समय सीमा (टी.एल.) बैठक प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 बजे से जिला कार्यालय, दुर्ग के सभा कक्ष में आयोजित की जायेगा। अपनी समस्या को लेकर जनदर्शन आने वाले आवेदकों से जिला प्रशासन की अपील है कि वो तय की गई नवीन समय सारणी का अनुसरण करें।

6 डायरिया मरीजो की जांच जारी, विभाग सजग

दुर्ग/नवप्रदेश। भिलाई शहर के वृन्दानगर, जे.पी.नगर, शारदापारा और न्यू संतोषीपारा केम्प क्षेत्र के आसपास डायरिया (उल्टी, दस्त) फैल गया है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए स्वयं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम एवं चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज, जिला दुर्ग के संयुक्त गठित टीम द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर यू.पी.एच.सी. बैकुंठधाम में पदस्थ चिकित्सा अधिकारियों एवं समस्त कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। आज दिनॉक 01 दिसंबर को जिला चिकित्सालय दुर्ग से स्टूल सैम्पल संकलित कर भारतीय

आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर जॉच हेतु भेजा गया। संक्रमित क्षेत्र की निगरानी के लिये शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, भिलाई, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, ए.एन.एम. और मितानिनों द्वारा 500 घरों का सघन सर्वे किया गया। क्षेत्र में उल्टी-दस्त से पीड़ित मरीजों को 310 ओ.आर.एस., 14 जिंक टेबलेट एवं 1110 क्लोरिन टेबलेट वितरित किया गया एवं स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। संक्रमित क्षेत्र में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की एम्बुलेंस नियमित रूप से भ्रमण करते हुय मरीजों को दवाई एवं उचित स्वास्थ्य शिक्षा देते हुये स्वास्थ्य संस्थाओं तक भेजने के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है। संक्रमित क्षेत्र में पर्याप्त दवाईयों का भंडारण किया गया एवं गंभीर मरीजों को हायर सेन्टर रिफर करने हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी। आज दिनांक 01 दिसंबर को संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त के 06 शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में भर्ती हुये। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।

राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव में विचक्षण जैन विद्यापीठ के विद्यार्थी का चयन

कुम्हारी। राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान परिषद तथा समग्र शिक्षा, मानव संसाधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता 2022-23. मायाराम सुरजन स्कूल रायपुर में संपन्न हुआ जिसमें लोकगीत, लोकनृत्य, शास्त्रीय गायन, वादन, शास्त्रीय नृत्य, एकल अभिनय, मूर्तिकला, चित्रकला तथा स्थानीय खिलौने प्रतियोगिताएं शामिल थे। जिसमें विचक्षण जैन विद्यापीठ के छात्र ऋषभ जैन ने चित्रकला मे प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है।

पेंशन की समस्या को दूर करने कर्मचारी पहुंचे पुरैना

■ वरिष्ठजनों के लिए शिविर

रिसाली/नवप्रदेश। खाता में पेंशन राशि नहीं आने की शिकायत को दूर करने पुरैना में शिविर का आयोजन किया गया। आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर लगाए शिविर में कुल 23 लोग पहुंचे। आमतौर पर वृद्धाजनों की शिकायत थी कि उनके खाते पर राशि नहीं आ रहीं है। निगम के कर्मचारियों ने आवेदनों की जांच की तो खुलासा हुआ कि पेंशन तो स्वीकृत है। राशि भी जारी हो रहीं हैं, लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से राशि सीधे खाते तक नहीं पहुंच पा रही है। शिविर स्थल पर पहुंच आयुक्त ने निर्देश दिए कि हितग्राहियों को बैंक या फिर

च्वाइस सेंटर ले जाकर समस्याओं को त्वरित निराकरण कराए। इसके लिए आयुक्त ने पुरैना के एल्डरमेन को निर्देश दिए कि वे पेंशन हितग्राहियों की मदद करे। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, अनुप डे, पार्षद रंजीता बेनुआ, पार्वती महानंद, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम आदि उपस्थित थे।

इस तरह की है समस्या

- आधार कार्ड अपडेट नहीं
- खाता नं. में भिन्नता
- बैंक में केवायसी नहीं कराना
- एक से अधिक बैंक खाता खोलकर नियमित संचालित नहीं करना

6 नए आवेदन

पुरैना के मंगलभवन में लगाए शिविर में शुक्रवार को 6 नए आवेदन आए। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि प्राप्त आवेदनों का कर्मचारी शीघ्र सत्यापन करे और पेंशन स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण करे। साथ ही आयुक्त ने पेंशन हितग्राहियों से कहा कि वे बैंक जाकर सबसे पहले आधार कार्ड का लिंक कराए। आवेदन में ऐसे बैंक का खाता नंबर दे जिसका संचालन नियमित रूप से किया जा रहा हो।

ग्राम मचांदुर में भिलाई महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का लगा शिविर

दुर्ग। दुर्ग ब्लाक के ग्राम मचांदुर में भिलाई महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का उदघाटन जनपद सदस्य लेखन साहू,सरपंच दिलीप साहू ने किया।इस अवसर पर उपसरपंच गजेन्द्र कुमार साहू,पंच प्रवीण यदु,तुकाराम साहू,ललित पटेल,गणपत साहू,सीताराम देवांगन,सीमा देवांगन,बुजुर्गो लोचन प्रसाद साहू,गौठान अध्यक्ष कृष्णा साहू,ललित सेन,गोपाल साहू,सुखीतराम पटेल,जसलोक साहू,रवि गोस्वामी,शीत साहू,गीतूराज,बीटू साहू उपस्थित थे।

दीप प्रज्वलित कर विधिवत शिविर का शुभारंभ किया गया ।उदघाटन पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना की अधिकारी डॉ राजश्री शर्मा तथा डॉ अनूपमा श्रीवास्तव के निर्देशन में स्वयं-सेविकाओं के द्वारा कैंडल मार्च निकालकर ग्राम भ्रमण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा आदर्श गौठान मचांदुर के लिए पैरादान अभियान चलाया गया।ग्रामीणों को एड्स जागरूकता की जानकारियां दी गई।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.438 दिनांक 21.11.22
वार्ड का नाम वार्ड- पं. दीनदयाल उपाध्याय- 41

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-41 स्थित भूमि RPR569E00417 जो कि निगम अभिलेख में 1. श्रीमती आशा दुबे w/o आलोक दुबे 2. आलोक दुबे s/o गोवर्धन प्रसाद दुबे के नाम से दर्ज है जिसको 1. श्री सतीश कुमार पाण्डेय s/o स्व. महेन्द्रनाथ पाण्डेय 2. श्रीमती वसुन्धरा पाण्डेय w/o श्री सतीश कुमार पाण्डेय ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.439 दिनांक 21.11.22
वार्ड का नाम वार्ड- पं. दीनदयाल उपाध्याय- 41

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-41 स्थित भूमि RPR569J00202 जो कि निगम अभिलेख में श्री कृष्ण कुमार दम्मानी s/o मोहनलाल दम्मानी के नाम से दर्ज है जिसको 1. श्रीमती कृष्णा दम्मानी w/o स्व. कृष्ण कुमार दम्मानी, 2. विवेक दम्मानी 3. अभिषेक दम्मानी s/o श्री स्व. कृष्णकुमार दम्मानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ शपथपत्र/ रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.440 दिनांक 21.11.22
वार्ड का नाम वार्ड- डा. खूबचंद बघेल-68

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 स्थित भूमि RPR567A00320 जो कि निगम अभिलेख में 1. श्रीमती प्रभा शर्मा w/o महीधर 2. श्रीमती स्वाति पाण्डेय D/o महीधर शर्मा के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती स्वाति पाण्डेय D/o स्व. महीधर शर्मा ने शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.433 दिनांक 18.11.22
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भूमि RPR561B00403 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सेमन बाई ठाकुर w/o गजाधर सिंह ठाकुर के नाम से दर्ज है जिसको श्री राजेश सिंह ठाकुर s/o स्व. गजाधर सिंह ठाकुर 2. श्रीमती रोहिणी ठाकुर w/o श्री राजेश सिंह ठाकुर ने वसीयतनामा/शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.434 दिनांक 18.11.22
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भूमि RPR561C00269A जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती रोहिणी ठाकुर w/o राजेश ठाकुर के नाम से दर्ज है जिसको श्री रवि सिंह ठाकुर s/o राजेश सिंह ठाकुर ने वसीयतनामा/शपथ पत्र/ दान पत्र/ रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.435 दिनांक 18.11.22
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भूमि RPR567C00031 एवं RPR561C00032 जो कि निगम अभिलेख में 1. श्रीमती रूखमणी बाई w/o स्व. प्यारेलाल यादव 2. श्री नंदकुमार यदु s/o प्यारेलाल यदु के नाम से दर्ज है जिसको 1. श्रीमती इंदु w/o स्व. नंदकुमार यदु 2. चेतन यदु 3. नीतेश यदु 4. चंचल यदु 5. चांदनी यदु सभी s/o स्व. नंदकुमार यदु ने शपथ पत्र/ दान पत्र/ रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.436 दिनांक 21.11.22
वार्ड का नाम वार्ड- भक्त माता कर्मा-67

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-67 स्थित भूमि RPR567K1189A जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती पूर्णिमा राजपूत w/o हरीश राजपूत के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती रेखा अवस्थी w/o रितेश अवस्थी ने वसीयतनामा/शपथ पत्र/ दान पत्र/ रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.437 दिनांक 21.11.22
वार्ड का नाम वार्ड- पं. दीनदयाल उपाध्याय- 41

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-41 स्थित भूमि नया जो कि निगम अभिलेख में श्री विष्णु राम वर्मा s/o स्व. भवरसिंह वर्मा के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती प्रतिमा बानी केशरी w/o श्री विजय कुमार केशरी ने वसीयतनामा/शपथ पत्र/ दान पत्र/ रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

■ न्यूज गैलरी

प्राकृतिक आपदा के दो प्रकरण में 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रभात मलिक ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के दो प्रकरण में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवभोग तहसील के ग्राम मोखागुड़ा निवासी 40 वर्षीय राजेन्द्र कश्यप की 14 जुलाई 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नि तिलोत्मा को 4 लाख रुपये स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार गरियाबंद तहसील के ग्राम मोंहदा निवासी 15 वर्षीय गौरी विश्वकर्मा की 05 जुलाई 2022 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनके पिता गणेश राम को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

निर्वाचन गतिविधियों के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान विभिन्न गतिविधियों के लिए 16 नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर टी.आर देवांगन से मिली जानकारी अनुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव को मेनपावर मैनेजमेंट के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी श्री करमन खटकर को ट्रेनिंग मैनेजमेंट, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे को मटेरियल मैनेजमेंट, जिला परिवहन अधिकारी मृत्युजंय पटेल को ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी नेहरू निराला को कम्प्यूटराईजेशन, साईबर सिक्युरिटी एण्ड आईटी, जिला मिशन समन्वयक श्याम चन्द्राकर को स्वीप, अपर कलेक्टर अविनाश भोई को लॉ एण्ड ऑर्डर, वीएम एण्ड सिक्युरिटी प्लान, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग अनुज शर्मा को ईव्हीएम मैनेजमेंट, डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मैनपुर हितेश पिस्दा को एमसीसी, जिला कोषालय अधिकारी ब्रिजेन्द्र तिवारी को एक्सपेंडीचर मॉनिटरिंग, जिला खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु को बैलेट पेपर, पोस्ट पेपर, ईटीपीबीएस, उप संचालक जनसंपर्क एस.एस. सोरी को मीडिया, उप संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी एस.के. बंजारे को कम्यूनिकेशन प्लान, डिप्टी कलेक्टर सुश्री चांदनी कंवर को इलेक्टोरल, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अंजली खल्को को कंप्लेंट्स रिड्रेसल और वोटर हेल्पलाईन तथा जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा को निर्वाचन ऑब्जर्वर्स के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

मोटराइज्ड ट्रायसायकल पाकर दिव्यांग के चेहरे में दिखी खुशी

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। प्रत्येक पात्र हितग्राही को

योजनाओं का लाभ मिले, इसी उत्कृष्ट सुशासन के उद्देश्य से प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। जिले के विकासखण्ड छुरा अंतर्गत ग्राम गाड़ाघाट निवासी दिव्यांग श्री संतोष कुमार निषाद को मोटराईज्ड ट्रायसायकल मिलने से उनका चेहरा खुशी से खिल गया। विगत दिनों समाज कल्याण विभाग द्वारा उनके आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सहायक उपकरण प्रदाय योजना के अंतर्गत कलेक्ट्रेड परिसर में ट्रायसायकल प्रदान किया गया। ट्रायसायकल पाकर श्री संतोष ने ख़ुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मैं अपने दैनिक खर्चे के लिए एक स्थान में बैठकर मुर्रा-चना बेचने का काम करता था अब यह ट्रायसायकल मिल जाने से आसपास के गांवों में जाकर व्यवसाय करने में आसानी होगी। अब उन्हें आवाजाही में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा और अपने दिनचर्या के काम शीघ्रता से कर सकेंगे। ट्रायसायकल प्रदान करने के लिए संतोष ने शासन-प्रशासन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का बेरला क्षेत्र में एक दिवसीय प्रवास आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू कल 3 दिसंबर शानिवार को बेमेतरा विधानसभा के बेरला क्षेत्र में एक दिवसीय प्रवास में रहेंगे। जहां वे क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में शामिल होगें। वहीं उनके साथ बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रमों में दोपहर 12 बजे ग्राम मोहरेंगा हाई स्कूल भवन लोकार्पण एवं कृषक सम्मान समारोह में शामिल, दोपहर 3 बजे नगर बेरला में तहसील साहू संघ बेरला के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल, शाम 4 बजे ग्राम पिपरोलडीह में पिपरोलडीह बारगांव (मटिया) मुड़पार रोड का भूमिपूजन समारोह में शामिल होगें।

निधन

दिलीप कुमार नवरंग

नवागढ़/नवप्रदेश। ग्राम नवागांव (बहरबोड़) निवासी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बेमेतरा जिला महामंत्री

दिलीप कुमार नवरंग उम्र 40 वर्ष का आकस्मिक निधन शुक्रवार को हो गया। वे विगत कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। निधन पर भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान, चन्द्रपाल साहू, दयावंत धर बांधे, मधु रॉय, देवादास चतुर्वेदी, डॉ जगजीवन खरे, नेमिराज सोनवानी, गिरेन्द्र महिलांग, हरिकिशन कुर्रे, अनुज दिवाकर, मिंटू बिसेन, सुरेश साहू, सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

एड्स के प्रति जागरूकता के लिए पोस्टर, रंगोली व स्लोगन स्पर्धा में दिए संदेश

■ विश्व एड्स दिवस के अवसर जिले में हुए विविध आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एचआईवी-एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिले में विविध आयोजन किए गए। नर्सिंग महाविद्यालय में जहां पोस्टर, रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, वहीं शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। अस्पतालों में भी एचआईवी-एड्स के कारण, लक्षण, खतरे व बचाव से संबंधित जानकारियों वाले बैनर और पोस्टर लगाए गए।

एचआईवी-एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड़ व जिला नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया के निर्देशन में आयोजित किए गए।

इस अवसर पर जिला एवं विकासखंड स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के नर्सिंग महाविद्यालय में एचआईवी-एड्स के कारण, लक्षण, खतरे व बचाव पर केंद्रित पोस्टर, रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें नर्सिंग छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रेरक आकृतियां उकेरकर लोगों को एड्स से बचाव हेतु जागरूक करने का प्रयास किया। इसके अलावा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कल्याण विभाग के छात्र-छात्राओं ने राजीव नगर एवं नंदई चौक में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर लोगों को एचआईवी-एड्स के संबंध में जागरूकता का संदेश दिया।

इस दौरान लोगों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित (बिना कंडोम के) यौन संबंध बनाने, संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित इंजेक्शन लगाने व संक्रमित माता-पिता से होने वाली संतान को एचआईवी व सिफलिश होने का खतरा बढ़ जाता है। इस समस्या से बचने के लिए सही व संपूर्ण जानकारी जरूरी है।

स्वयंसेवी संस्था के द्वारा हस्ताक्षर अभियान और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। वहीं कौरिनभांठा वार्ड में रंगोली, मेहंदी तथा चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसी प्रकार स्वयं सेवी संस्था के द्वारा स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं स्टॉफ को भी एचआईवी-एड्स के संबंध में जागरूक करने का प्रयास किया गया।

डीपीएम भूमिका वर्मा ने बताया: एचआईवी-एड्स नियंत्रण की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सावधानी ही एड्स से बचाव है। इस आशय का प्रचार-प्रचार करते हुए लोगों को सावधान करने हेतु स्वास्थ्य विभाग सजग है। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिले में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड़ ने बतायारू एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता से संबंधित कार्यक्रम किए गए तथा अस्पतालों में प्रेरक बैनर व पोस्टर लगाए गए हैं। वहीं लोगों को एड्स से बचाव हेतु जागरूक करने का प्रयास किया गया।

रक्त के संचरण द्वारा-कुछ मामलों में, वायरस रक्त संचरण के माध्यम से भी प्रसारित होता है।

अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक- जितेन्द्र कुमार साहू (अन्य 02) पिता स्व. बाबूलाल साहू पता- पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम कचान्दुर प.ह.नं.17 रा.नि.मं. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1098, 1132/2 रकबा क्रमशः 1.56, 0.40 हे. है जो भूमिस्वामी जगदीश साहू एवं बाबूलाल साहू दोनों पिता थानुराम साहू के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। जिसमें से भूमिस्वामी बाबूलाल साहू पिता थानुराम साहू की मृत्यु दिनांक 08.10.2022 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर शेष सहखातेदारों का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु फौती नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किस व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20/12/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 28/11/2022 को जारी किया जाता हैं।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, उपतहसील भिलाई नगर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

अ-6/2022-23

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार गायकवाड़ पिता स्व. शिशुपाल गायकवाड़ अन्य 2 निवासी मोहलई तह.व जिला दुर्ग के द्वारा भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम मोहलई प.ह.नं. 6 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 706, 737, 738/6, 912/1, 912/2, 913/2, 890 रकबा क्रमशः 0.0100, 0.4000, 0.0610, 0.0900, 0.2100, 0.0900, 0.1700 हे. भूमि को रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर वसीयतकर्ता शिशुपाल गायकवाड़ पिता स्व. सुकालू गायकवाड़ के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 16.12.2022 तक स्वयं अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/11/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

अ-6/2022-23

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आदित्य देशमुख पिता सुनील देशमुख निवासी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम हनोदा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 239/2, 243/2, 180/2, 201/1 रकबा 0.1800, 0.2200, 0.2200, 0.5800 हे. भूमि जो कि सुनील देशमुख पिता पी.एल. देशमुख के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु सुनील देशमुख पिता स्व. पी.एल. देशमुख 27.12.2012 हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14.12.2022 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/11/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./29/अ-20(3)/2022-23

आवेदक श्री प्रशांत कुमार अग्रवाल आ. स्व. बिरेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासी ब्राम्हणपारा दुर्ग की ओर से आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 29सी भूखंड क्रमांक 205/1 रकबा 218.00 वर्गमीटर है। आवेदक के पिता श्री बिरेन्द्र कुमार अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 14.10.2018 को हो चुकी है। श्री बिरेन्द्र कुमार अग्रवाल की मृत्योपरांत विधिक वारिसानों में स्वयं धारक माताजी तथा बहन का नाम दर्ज करवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण में सुनवाई दिनांक 22/12/2022 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलौदाबाजार

Office Phone No. 07727-296695 Email ID-ee-res.abhanpur@nic.in

// ई- निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-24 //
(प्रथम बार)

क्रमांक/3761/निविदा/ ग्रा.यां.से./2022-23 — बलौदाबाजार, दिनांक 29/11/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 13.12.2022 तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम टेंडर नं	कार्य का विवरण	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)	ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि
1	2	3	4
115749	Zonal Tender- 3 (Different Type of Works i.e. Road, Building, Concrete Works etc. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lakh) Block-Balodabazar, Dist. Balodabazar- Bhatapara (C.G.)	40.00	13.12.2022
115750	Zonal Tender- 1 (Different Type of Works i.e. Road, Building, Concrete Works etc. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lakh) Block-Bhatapara, Dist. Balodabazar-Bhatapara (C.G.)	40.00	13.12.2022
115751	Zonal Tender- 2 (Different Type of Works i.e. Road, Building, Concrete Works etc. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lakh) Block-Simga, Dist. Balodabazar-Bhatapara (C.G.)	40.00	13.12.2022
115752	Zonal Tender- 1 (Different Type of Works i.e. Road, Building, Concrete Works etc. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lakh) Block-Palari, Dist. Balodabazar-Bhatapara (C.G.)	40.00	13.12.2022
115753	Zonal Tender- 1 (Different Type of Works i.e. Road, Building, Concrete Works etc. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lakh) Block-Kasdol, Dist. Balodabazar-Bhatapara (C.G.)	40.00	13.12.2022

2/ निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 30.11.2022 से देखी जा सकती है।

(ए.के. देवांगन)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां. सेवा संभाग-बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

जी-96317/3

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन

■ **ग्रामीण प्रतिभा को निखारने में युवा महोत्सव का महत्वपूर्ण योगदान, संभाग स्तरीय के लिए चयनित प्रतिभागियों को किया पुरुस्कृत**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में किया गया। जिसका समापन देर शाम विजेता एवं संभाग स्तरीय के लिए चयनित प्रतिभागियों को पुरुस्कृत कर किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विविध विधाओं के प्रतिभावान युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने और उपयुक्त मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा किया गया। इस प्रतियोगिता में शास्त्री गायान, बासुंरी वादन, हारमोनियम वादन, लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक, चित्रकला, विक्ज, वाद-विवाद, वक्तृत्व कला, कत्थक, भरतनाट्यम, तबला वादन छत्तीसगढ़ संस्कृति से खेल खो-खो, कबड्डी भौंरा, गेड़ी, फुगड़ी, वेश-भूषा एवं फूड फेस्टीवल जैसी विधांए सम्मिलित है। यह प्रतियोगिता 15 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग हेतु आयोजित किया गया। जिले के छः विकासखंडों से चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा महोत्सव में लगभग 800 से अधिक महिला व पुरूष प्रतिभागियों ने भाग लिया। उक्त आयोजन में प्रदर्शन के आधार पर विजेता दल एवं प्रतिभागियों को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय युवा महोत्सव से चयनित किया है। विजेता परिणाम इस प्रकार है- 15 से 40 वर्ष में एकांकी नाटक प्रथम वि. खंड भाटापारा द्वितीय बलौदाबाजार, लोकनृत्य छत्तीसगढ़ संस्कृति विधा- करमा नाचा में प्रथम वि.खंड भाटापारा द्वितीय बलौदाबाजार, राउत नाचा में प्रथम वि.खंड बलौदाबाजार द्वितीय पलारी, पंथी नाचा में प्रथम वि खंड बलौदाबाजार द्वितीय कसडोल, सुआ नाचा प्रथम वि.खंड पलारी द्वितीय भाटापारा, लोकनृत्य में वि.खंड प्रथम पलारी एवं बलौदाबाजार, एकल विधा में हारमोनियम से प्रथम वि.खंड पलारी वियजशंकर द्वितीय भाटापारा दुर्गेश प्रसाद, तबला वादन में प्रथम वि.खंड पलारी विजय शंकर द्वितीय नारायण यादव बलौदाबाजार, बांसुरी विधा में प्रथम कसडोल मानसींग चौहान, कत्थक विधा से वि.खंड बलौदाबाजार अनुजा वाजपेयी, भतरनाट्यम प्रथम बलौदाबाजार, शास्त्रीय गायन विधा में प्रथम वि.खंड पलारी विजय शंकर द्वितीय बलौदाबाजार शीद्की गोस्वामी, लोकगीत विधा में प्रथम वि.खंड बलौदाबाजार से द्वितीय सिमगा, खेलकूद- गेड़ी (पुरूष) में प्रथम वि0खंड पलारी गौकर्ण पटेल द्वितीय भाटापारा गौरव वर्मा, भौंरा (पुरूष) प्रथम वि0खं पलारी अरूण कुमार वर्मा द्वितीय सिमगा यीतेश वर्मा, भौंरा (महिला) से प्रथम वि0खंड भाटापारा कु0 डिम्पल मारकेंडे द्वितीय पलारी पल्लवी वर्मा, खो-खो (पुरूष) प्रथम वि0खंड भाटापारा द्वितीय कसडोल, खो-खो (महिला) प्रथम वि.खंड भाटापारा द्वितीय सिमगा, कबड्डी (पुरूष) से प्रथम वि0खंड कसडोल द्वितीय भाटापारा, कबड्डी (महिला) से प्रथम वि0खंड भाटापारा द्वितीय पलारी, फुगड़ी (महिला) से प्रथम वि0खंड भाटापारा केशमती यादव द्वितीय कसडोल ईश्वरी पटेल, वाद-विवाद विधा से प्रथम वि0खंड भाटापारा अभिषेक मिश्रा द्वितीय पलारी शेख लजीम, चित्रकला प्रथम वि0खंड पलारी योगेश निर्मलकर द्वितीय वि0खंड भाटापारा, वेशभूषा प्रथम वि0खंड बलौदाबाजार नीकितं धुव्र द्वितीय पलारी नेहा उपाध्याय, तत्कालिक भाषण प्रथम वि0खंड भाटापारा प्रशुन्स द्वितीय पलारी दीपक, फुड फेस्टीवल वि0खंड बलौदाबाजार द्वितीय पलारी, 40 वर्ष अधिक में कबड्डी (पुरूष) प्रथम वि.खंड सिमगा,द्वितीय बलौदाबाजार, खो-खो (पुरूष) प्रथम वि.खंड- कसडोल द्वितीय बलौदाबाजार, लोकगीत विधा से प्रथम वि0खंड बलौदाबाजार द्वितीय विकासखंड पलारी, एकल विधा मे बांसुरी वादन प्रथम वि खंड पलारी गोविंद प्रसाद, शास्त्रीय गायन प्रथम वि0खंड ब.बाजार अश्वनी वर्मा द्वितीय कसडोल जगन्नाथ देवांगन, वाद-विवाद प्रथम वि.खंड सिमगा भुनेश्वर साहू एवं पलारी संजय सिन्हा, चित्रकला प्रथम वि.खंड पलारी द्वितीय भाटापारा, तात्कालिक भाषण से प्रथम वि.खंड सिमगा भुनेश्वर द्वितीय पलारी संजय सिन्हा, क्विज से प्रथम वि.खंड भुनेश्वर प्रसाद वर्मा द्वितीय पलारी धर्मेन्द्र कुमार पटेल,गेड़ी में प्रथम वि.खंड कसडोल बोधराम पटेल, द्वितीय भाटापारा भिषम वर्मा, भौंरा (पुरूष) से प्रथम वि.खंड पलारी भुनेवश्वर खरसे द्वितीय भाटापारा संतोष साहू भौंरा (महिला) प्रथम वि खंड भाटापारा वीणा साहू, फुगड़ी (महिला)से प्रथम वि0खंड भाटापारा इन्द्राणी साहू, कबड्डी (महिला) प्रथम वि खंड भाटापारा रहे। उक्त जिला स्तरीय युवा उत्सव में संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय शामिल हुए।

दो दिव्यांग दंपत्ति को जिलाधीश ने दिया 1-1 लाख का चेक

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिलाधीश डॉ .जगदीश कुमार सोनकर ने समाज कल्याण विभाग खैरागढ़ - छुईखदान गंडई दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत खैरागढ़ ब्लॉक के 2 दिव्यांग दंपत्ति को 1-1 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। जिलाधीश कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार 29 नवंबर को केसीजी जिलाधीश डॉ. जगदीश सोनकर ने दिव्यांग जोड़ों क्रमशः ग्राम गर्रापार के महेंद्र वर्मा व उषा वर्मा एवं ग्राम सलोनी के योगिलाल साहू व मंजू साहू को छत्तीसगढ़ शासन की दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 1-1 लाख रुपये का चेक सहित कुल 2 लाख रुपये प्रदान किया। इस दौरान जिलाधीश डॉ. सोनकर ने दोनों दिव्यांग दंपत्ति को बेहतर भविष्य की शुभकामनायें देते हुये कहा कि कभी भी कोई परेशानी या दिक्कत हो तो हमें जरूर बताया। उन्होंने दोनों दिव्यांग दंपत्ति को भविष्य में भी हर संभव सहयोग की बात कही इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर साहू व प्रभारी उप संचालक समाज कल्याण गणेश राम वर्मा भी उपस्थित थे।

सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

■ **विश्व एड्स दिवस पर परिचर्चा का आयोजन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 1 दिसम्बर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं गुरुकुल इंस्टीट्यूट महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा जन-जागरूकता रैली निकाली गई। 1 से 21 दिसम्बर तक सम्पूर्ण ग्रामों में घर घर जाकर की जाने वाली सर्वे, सघन टी.बी. एवं कुष्ठ खोज अभियान प्रचार को अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, सीएमएचओ डॉ के.सी.उरांव, डॉ. अमन हुमने नोडल अधिकारी (एड्स) के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली संयुक्त जिला कार्यालय से निकल कर तिरंगा चौक गरियाबंद होते हुए गुरुकुल इंस्टीट्यूट महाविद्यालय तक निकाली गयी। जिसके पश्चात कॉलेज परिसर में एड्स रोग की समस्या एवं समाधान विषय पर संगोष्ठी, स्वास्थ्य परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ के.सी उरांव के द्वारा एड्स रोकथाम एवं जन जागरूकता में शिक्षित युवाओं की भूमिका प्रकाश डालते हुए मर्यादित व सुरक्षित जीवन शैली को अपनाते हुए अग्रीम पंक्ति में रहकर जन समुदाय में जन जागरूकता करने हेतु अपील की गई। साथ ही जिले में 1 से 21 दिसम्बर तक सघन टी.बी. एवं कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर संभावितों का सर्वे एवं खोज कार्य किया जायेगा। जिसमें जन समुदाय से आवश्यक सहयोग हेतु अपील की गई। जिला नोडल अधिकारी के द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि इस वर्ष 2022 का थीम ''समानता'' सभी का जन्मसिद्ध अधिकार है ''चाहे वे एच.आई.व्ही. संक्रमित ही क्यो न हो ''कार्यक्रम महिला एवं पुरुष को एक साथ बिठा कर एड्स से संबंधित जानकारी एवं बचाव विषय पर संगोष्ठी एवं परिचर्चा किया जाना चाहिए ताकि एड्स की जानकारी छिपी न रहे। साथ ही थीम के अनुरूप इस वर्ग से संबंधित लोगो को समान भाव व व्यवहार से देखे जाने हेतु जन समुदाय से अपील की गई। आईसीटीसी एवं एसटीआई परामर्शदाताओं द्वारा एच.आई.व्ही एड्स संक्रमण फेलने के कारण जिसमें असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त संचरण एवं संक्रमित माता से गर्भस्थ शिशु को हो सकता है की जानकारी दी गई। साथ ही साथ इस आयोजित कार्यक्रम राजेन्द्र निराला साइकोलॉजिस्ट के द्वारा नशामुक्ति, मानसिक रोग बचाव एवं रोकथाम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उपरोक्त कार्यक्रम प्रश्नोत्तरी, एड्स विषय पर रंगोली, चित्रकला, परिचर्चा एवं भाषण कार्यक्रम आयोजित किया है। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी छात्र - छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार वितरण किया। समस्त छात्र छात्राओं ने अतिउत्साह से कार्यक्रम में भागीदारी दी उक्त कार्यक्रम का संचालन विजय गजघाटे के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का सफल बनाने में डॉ. एम.एस. ठाकुर, सोनल ध्रुव, प्रंशात अवधिया, भूपेन्द्र साहू उपस्थित थे।

बिखरते परिवारों को पुनः संजोना समाज की उपलब्धि : ठाकुर राम

खरोरा/नवप्रदेश। पूर्व सूचना के आधार पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज की प्रकरण बैठक राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

बैठक की शुरुआत आदिपुरुषों, दानवीरों, ईष्ट पूजा एवं राजमंत्री दौलत धुरंधर द्वारा प्रस्तुत जाति गौरव गान से हुई, ग्राम इकाई द्वारा ग्रामप्रमुख हीरा राम वर्मा, क्षेत्रप्रधान डोमार सिंह वर्मा की अगुवाई में युवाप्रमुख हरि राम वर्मा,नेहा वर्मा महिला प्रमुख ,वरिष्ठ समाज सेवक दानीराम वर्मा, भगवती वर्मा,टापलाल वर्मा, नेमसिंह वर्मा, कमलेश वर्मा,नरेन्द्र वर्मा, शोभा वर्मा,आशीष वर्मा, प्रेमिन वर्मा, सरोजनी वर्मा, गोदावरी वर्मा आदि ने राजकार्यकरिणी पदाधिकारियों का बाजे-गाजे, शाल श्रीफल, गुलदस्ता व भाल पर तिलक लगाकर आत्मीय अभिनंदन किया। बैठक में पंजीकृत 30 सामाजिक प्रकरणों में से 3 प्रकरणों (वादी-प्रतिवादी की अनुपस्थित) को छोड़कर शेष 27 प्रकरणों का निराकरण सामाजिक संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप किया गया।

16% आरक्षण यथावत रखने की मांग

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति को हाई कोर्ट से 16% आरक्षण देने की फैसला दिया गया था जिसे वर्तमान में केबिनेट की बैठक में आरक्षण 12% कर दिया गया है इससे प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर अनुसूचित जाति वर्ग मे आक्रोश व्याप्त है अनुसूचित जाति वर्ग आरक्षण को पूर्व प्राप्त 16% पर यथावत रखने प्रयासरत है इसी के तहत 29 नवंबर को नैन दास स्मृति स्थल बलौदा बाजार में अनुसूचित जाति वर्ग के समस्त समाजों की एक संयुक्त बैठक की गई जिसमें सभी समाज ने वर्तमान की सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण में किए गए कटौती पर रोष व्यक्त किया। अनुसूचित जाति के अधिकारों पर किए जा रहे कुठाराघात के आक्रोश से यह वर्ग बलौदा बाजार भाटापारा में आंदोलन की ओर अग्रसर हुआ है आज अनुसूचित जाति वर्ग के समस्त समाज प्रमुखो ने इकट्ठा होकर सरकार से यह अपील की है की आगामी विशेष सत्र में अनुसूचित जाति का आरक्षण पूर्ववर्ती सरकारों के अनुरूप 16% यथावत रखने विधेयक लाए। इस संबंध में जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री महोदय को ज्ञापन प्रेषित किया गया जिसमें प्रबलता से मांग रखी गई की अनुसूचित जाति के आरक्षण के प्रतिशत में 16% आरक्षण को यथावत रखा जाए तथा उन्हें पदोन्नति में आरक्षण प्रदान किया जाए। शासकीय सेवाओं में 16% आरक्षण देकर अनुसूचित जाति वर्ग का कोटा पूरा किया जाए ,शासन की महत्वाकांक्षी शैक्षणिक योजना आत्मानंद मे 16% आरक्षण प्रदान कर अनुसूचित जाति वर्ग की भर्ती की जाए साथ ही बैकलॉग पदों की भर्ती की जाए। उक्त मांगों के समर्थन में अनुसूचित जाति वर्ग के सैकड़ो लोगों ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में मोहन राय, दुर्गाप्रसाद महेश्वर, राजकुमार पात्रे, डी आर बघेल,महेश ढ़ीढ़ी, गणेश प्रसाद बघेल, महेश्वर घृतलहरे,भागलाल कोसले, नरोत्तम बघेल, विजय बाँधे, जितेन्द्र नवरत्न, सुशील बंजारे, खोजराम कोसले, चरण दास तेहरवंश, देवेन्द्र चतुर्वेदी, देवेंद्र बंजारे, पी डी जहरीले, सहदेव जोशी, दीपक घृतलहरे, रामप्रसाद कुर्रे, उत्तम टंडन, राजेश कुर्रे, यशोदा जांगड़े, शत्रुहन बंजारे, रेमन अनंत, जगमोहन घृतलहरे, अशोक मांडले, नीलकमल आज़ाद, अंजलि बघेल, कृष्णा आज़ाद, रेमन अनंत, प्रदीप गर्ग, राकेश बंजारे, दारा ओगरे, संतोष घृतलहरे, मोहित कुर्रे, खुशबू बंजारे, आर के जोशी,एफ डी जाटवर, देवप्रसाद जोशी, सुंदर सोनकर, सत्यनारायण बंजारे, बी एल दिवाकर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नवनिहालों को सभ्य नागरिक बनाने का दायित्व राष्ट्र निर्माताओं पर : सुल्ताना

खरोरा/नवप्रदेश। सहायक संचालक स्कूल शिक्षा संभाग रायपुर से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों के उन्मुखीकरण के उद्देश्य से संकुल केंद्र अड़सेना के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला के शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन समन्वयक भोला प्रसाद वर्मा,संकुल प्रभारी प्राचार्य शगुप्ता सुल्ताना के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक विद्यालय बरौंडा में किया गया,मुख्य कुशल प्रशिक्षक भोला प्रसाद वर्मा ने शिक्षकों का अभिनंदन करते हुए शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति उनकी लगन व समर्पण के लिए आभार प्रगट किया।

जिला स्तर से प्रशिक्षित कुशल प्रशिक्षक द्वय संकुल समन्वयक भोला प्रसाद वर्मा एवं शिक्षिका प्राची देसाई ने संदर्भित विषय पर आधारित विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए उन चित्रों व प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से जिसमें ग्रामीण अंचल के विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों के स्थानीय परिवेश, पारिवारिक, आर्थिक परिस्थितियों, पठन-पाठन में आने वाले व्यवधानों को समझते हुए दूर करने के कारगर उपाय सुझाये।

इस अवसर पर संकुल प्रभारी प्राचार्य शगुप्ता सुल्ताना ने प्रशिक्षणार्थी पदोन्नत संस्था प्रमुखों व शिक्षकों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित करते हुए अपने संबोधन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षादान का आव्हान करते हुए कहा कि हमें इस बात का सदैव भान होना चाहिए कि समाज हमें राष्ट्र निर्माता के रूप में देखता है और सभ्य, सुशिक्षित, सुसंस्कृत समाज के नवनिर्माण की धुरी मानता है ,हमें उनकी आशाओं पर खरा उतरने के लिए तत्संबंध में सम्पूर्ण दायित्व बोध निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करने की आवश्यकता है ,उन्होंने बेहतर शिक्षा व्यवस्था व विद्यालय संचालन में समुदाय की भूमिका महत्वपूर्ण बताते हुए ,शाला प्रबंधन समिति व विद्यालय प्रशासन को एक दूसरे का पूरक निरूपित किया।

भाजपा के पास मुद्दा नहीं, घड़ियाली आंसू बहा रही : छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने भाजपा पर किसानों के हितैषी बनाने के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने का आरोप लगाया हैं। विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार किसानों की वास्तविक हितैषी हैं, जिसने सत्ता प्राप्त होते ही किसानों के करोड़ों रुपए कर्ज माफ किए तथा 25 सौ रुपए क्विंटल में धान खरीदी कर रही हैं, साथ ही इस वर्ष 2640 एवं 2660 रूपये में धान की खरीदी की जा रही है, जबकि पूरे भारत वर्ष में किसी भी राज्य सरकार द्वारा किसानों को धान का इतना मूल्य नहीं दिया जा रहा हैं।इस वर्ष राज्य सरकार ने किसानों को हो रही समस्या को देखते हुए एक माह पूर्व ही धान खरीदी प्रारंभ कर दी है, साथ ही धान बेचने के चौबीस घंटे के अंदर किसानों को धान की राशि उनके खाते में अंतरित कर दी जा रही हैं। भाजपा केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के हितों का कुठाराघात लगातार किया जा रहा है, कभी केंद्रीय पुल में राज्य के कोटे से धान ना खरीदी करना, कभी धान खरीदी के लिए धान बोरे का गठान राज्य सरकार को न देकर लगातार राज्य सरकार को किसानों की भलाई करने से रोकने का प्रयास किया जाता रहा हैं, फिर भी राज्य की भूपेश सरकार अपने वादों पर अडिग है, तमाम कठिनाइयों को सहते हुए किसानों के साथ चट्टान बनकर खड़ी हैं, जिसे भाजपा के लोग पचा नहीं पा रहे हैं, जिस कारण से मीडिया और सोशल मीडिया पर अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। भूपेश सरकार बनने के बाद किसानों की समस्या हल करने के लिए राज्य सरकार प्रतिवर्ष नए धान संग्रहण केन्द्र का निर्माण कर रही है, जिसमें बेमेतरा विधानसभा को भी इस वर्ष सुरहोली नवीन धान संग्रहण केन्द्र की सैगात मिली है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह बना हैं। विगत वर्ष केंद्र सरकार के असहयोग के बावजूद राज्य सरकार ने बोरे की कमी का हल निकाला था, इस बार किसी प्रकार की किसानों को परेशानी ना हो इसे ध्यान रख कर राज्य सरकार ने समय पूर्व ही पर्याप्त बोरो की व्यवस्था कर ली हैं, जिससे किसी भी धान संग्रहण केन्द्र से बोरे कमी की शिकायत प्राप्त नहीं हुई हैं, साथ ही कांग्रेसी कार्यकर्ता तथा स्वयं भी लगातार धान विक्रय केंद्रों का निरीक्षण कर रहे है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल धान संग्रहण केन्द्र में हल किया जा रहा हैं, साथ ही अधिकारियों को भी किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। ऐसे में कुछ लोगो के द्वारा किसानों के हितैषी होने का स्वांग रचा जा रहा हैं, किसान भी अपने हितैषी को पहचानते हैं। भाजपा मात्र पूर्व की भाती घड़ियाली आंसू बहा रही हैं।

साहू संघ के पदाधिकारी विधायक से मिले

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। सरसीवा में बिलाईगढ़ विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष दोष राम साहू के नेतृत्व में जिला साहू संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात किया । इस दौरान साहू समाज को आगे बढ़ाने के विषय में विशेष चर्चा किया गया । मुलाकात के दौरान जिला उपाध्यक्ष आत्माराम साहू, जिला सलाहकार तुलाराम साहू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष साहेब लाल साहू, जिला संगठन सचिव द्वारिका साहू, जिला संयुक्त सचिव पुष्कर साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुभानु साहू, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, परीक्षेत्र अध्यक्ष देवनाथ साहू, परीक्षेत्र अध्यक्ष घनश्याम साहू, परीक्षेत्र अध्यक्ष सतकुमार साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष खेमराज साहू, विशंभर साहू, समेत साहू समाज के अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परंपरा को साकार करने युवा महोत्सव का हो रहा आयोजन : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत गुधेली में अयोजित ब्लाक स्तरीय युवा महोत्सव में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परंपरा को साकार करने के लिए आज ब्लाक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन रखा गया है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति को पुनः स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है, इसी कड़ी में स्थानीय कलाकारों को मंच देने के लिए युवा महोत्सव का आयोजन ब्लाक, जिला और राज्य स्तर पर आयोजित हो रहा हैं। इस महोत्सव के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को विभिन्ना विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है, इस महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोकगीत को पुनः स्थापित करने का कार्य किया जा रहा हैं। प्रदेश सरकार छग की खेल के साथ साथ पारंपरिक संस्कृति को पुनः स्थापित करने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा हैं। युवा उत्सव में लोकनृत्य, लोकगीत, बस्तरिया नृत्य, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, तात्कालिक भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, एकांकी नाटक, बांसुरी वादन, पारंपरिक वेशभूषा, तबला वादन, हारमोनियम वादन, खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से भारत माता चौक का नारियल तोड़ भूमिपुजन किए। विजेता प्रतिभागियों ने अपना हुनर दिखाया, सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर हीरा देवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, कमल साहू सभापति जपं बेरला, रूखमणी ठाकुर सरपंच, राधे ध्रुव, ललित साहू उपसरपंच, रामस्वरूप नायक अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति गुधेली, आशीष परगनिया अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति गोडगिरी, दुलारी वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मावलीभाठा, डिगमबर परगनिया सरपंच, रामखिलावन परगनिया, चेतन बंजारे, अनिल वर्मा, राजीव साहू, नारायण पाल, रवि रजक, कुशाल नायक, रवि साहू, खेलन यादव, गोपी निषाद सरपंच प्रतिनिधि, हरिशंकर यादव, भुवनेश्वर पाल, दाऊलाल यादव, गोपी साहू, भागीरथी साहू, दिलीप श्रीवास, राजेश साहू, अर्पित परगनिया, राजकुमार सेन, गुड्डू सेन, गोविंदा राजपूत, राधे बंजारे, बद्रबीसाल, रामाधार रसेल, राजेंद्र पारगनिया, मोहन कोसरे क्रीड़ा अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

मादा एवं नवजात भालू की सुरक्षा के लिए कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

भटगांव/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र अधिकारी बिलाईगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 25/11 /2022 को ग्राम लिंमतरी निवासी पार्वती साहू पति प्रहलाद साहू को जब वह अपने खेत के धान के फसल को काटने हेतु गई थी तब एक मादा भालू द्वारा उस पर हमला करके उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिसकी सूचना मिलने पर पीड़िता को तत्काल सहायता राशि 5000 दिया गया था तथा जिस स्थान पर मादा भालू द्वारा हमला किया गया था उस स्थान पर जाकर देखने से (स्थल निरीक्षण) पता चला कि उस खेत के मेढ में एक गुलर (डुमर) के खोखले में मादा भालू द्वारा अपने बच्चे को उसी पेड़ के खोखले में जन्म देकर देखभाल कर रही थी जिसके उपरांत उसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई जिसके पश्चात श्रीमान वनमंडलाधिकारी बलौदा बाजार के निर्देशानुसार एवं श्रीमान उप वनमंडलाधिकारी कसडोल के मार्गदर्शन से उक्त स्थल पर मादा भालू एवं नवजात भालू (बच्चा) की सुरक्षा हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी जिसका सतत निगरानी किया गया तथा श्रीमान वनमंडलिधिकारी बलौदाबाजार के द्वारा दिनांक - 28/11/ 2022 को ड्रोन कैमरा भेजा गया। जिसके माध्यम से उक्त पेड़ के खोखले का फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी किया गया तथा उसकी निगरानी विभागीय कर्मचारी एवं ग्रामवासी के सहयोग से किया जा रहा था किंतु आज दिनांक 1/12 /2022 को जब सुबह की निगरानी हेतु कर्मचारी एवं ग्रामवासी स्थल पर पहुंचे तब पता चला कि उक्त मादा भालू द्वारा अपने बच्चे को पेड के खोखले से निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले गई है उक्त मादा भालू को आज सुबह ग्राम लिमतरी के ढोडिया तालाब के आसपास विचरण करते देखी गई है।

6 को सीएस करेंगे धान खरीदी की समीक्षा
प्रदेश के कलेक्टरों और संभागायुक्तों को पत्र जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छग के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 06 दिसम्बर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में चल रही धान खरीदी की व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इस संबंध में मंत्रालय महानदी भवन स्थित मुख्य सचिव कार्यालय से प्रदेश के सभी कलेक्टरों और संभागायुक्तों को पत्र जारी कर दिया गया है। सीएस अमिताभ जैन वीसी के माध्यम से किसान पंजीयन, गिरदावरी की शुद्धता एवं शिकायतों का निराकरण, समिति स्तर पर नए एवं पुराने बारदाने की व्यवस्था और समर्थन मूल्य में धान खरीदी के एवज में किसानों को निर्धारित समयावधि में राशि भुगतान की समीक्षा करेंगे। इसी प्रकार मुख्य सचिव श्री जैन समिति स्तर पर धान की सुरक्षा एवं रखरखाव के लिए किए गए प्रयास तथा अन्य राज्यों एवं कोचियों-बिचौलियों द्वारा अवैध धान विक्रय से संबंधित निर्मित प्रकरणों, मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग हेतु धान उठाव और मिलर्स द्वारा एफसीआई और नॉन में जमा की जा रही चावल, गोदामों में स्पेस की कमी व नए धान खरीदी केन्द्रों में की व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। धान खरीदी व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कलेक्टरों और संभागायुक्तों से सुधार के लिए सुझाव देने को भी कहा है।

1 नवंबर से जारी है खरीदी

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य में धान खरीदी का महाभियान एक नवम्बर से प्रारंभ हुआ है। धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी 2023 तक अनवरत चलेगा। इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से 110 लाख मेट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव भी किया जा रहा है।

तीन पालियों में जिलों की करेंगे समीक्षा

वीसी के माध्यम से अपरान्ह 3.30 बजे से 4.30 बजे से तक जिला महासमुन्द, बेमेतरा, बलौदाबाजार-भाटापारा, बालोद, रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, धमतरी और दुर्ग जिले में की जा रही धान खरीदी की समीक्षा करेंगे। इसी प्रकार अपरान्ह 4.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक जिला कवर्धा, मुंगेली, सक्ती, गरियाबंद, सूरजपुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सारांगढ़-बिलाईगढ़, सरगुजा, बलरामपुर और कोरबा जिले में धान खरीदी की व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसी तरह अपरान्ह 5.30 बजे से 6.30 बजे तक जिला बस्तर, जशपुर, कोण्डागांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कोरिया, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बीजापुर, सुकमा, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले में की जा रही धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करेंगे।

बारदानों में स्टेंसिल नहीं लगाने पर समिति प्रबंधक को कलेक्टर ने लगाई फटकार

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर इफ्फत आरा ने धान खरीदी केंद्र लटोरी का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने खरीदी केंद्र में उपस्थित किसानों से खरीदी केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं तथा राशि से भुगतान के संबंध में चर्चा की जिसमें किसानों के द्वारा खरीदी केंद्र में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ बारदानों में स्टेंसिल नहीं लगाया जाना पाया गया जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए समिति प्रबंधक को निर्देशित किया कि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने किसानों की सुविधा का ध्यान रखने तथा निर्धारित समय अनुसार ही टोकन जारी करने तथा खरीदी करने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए। इसी दौरान कलेक्टर द्वारा सहकारी बैंक शाखा लटोरी के कर्मचारियों से किसानों को किए जाने वाले भुगतान के संबंध में जानकारी ली, जिसमें बैंक कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया कि किसानों को समय पर धान बिक्री की राशि मिल रही है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम, डीआरसीएस जी एस शर्मा, सीईओ जनपद डॉक्टर आकांक्षा त्रिपाठी पंचायत सहित अन्य उपस्थित रहे।

अवैध प्लाटिंग के मामले में 12 लोगों नोटिस जारी, 3 दिनों में देना होगा जवाब

गरियाबंद/नवप्रदेश। अवैध प्लाटिंग के मामले में नगर पालिका ने 12 लोगों को नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी होने के बाद भू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। नपा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी टामसन रात्रे ने अवैध कॉलोनी विकसित करने के मामले में नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब तलब किया है। नोटिस में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र के भूमि में आपके द्वारा अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है, जो कि छत्तीसगढ़ अधिनियम कॉलोनाइजर रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन एवं शर्तों का उल्लंघन है। निकाय क्षेत्र अंतर्गत आवासीय प्लाटिंग अथवा कॉलोनी विकास के लिए नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से योजना का अनुमोदन एवं स्थानीय निकाय की स्वीकृति आवश्यक है परंतु नियमों का बिना पालन किए अवैध प्लाटिंग करने से निकाय को भारी राजस्व की क्षति हो रही है। अवैध प्लाटिंग तत्काल बंद कर तीन दिनों के भीतर उपस्थित होकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरुद्ध शर्तों के उल्लंघन की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

इन्हें जारी हुआ नोटिस

नपा द्वारा अनीस मेमन, जावेद मेमन, शाबिया बानो, जावेद मेमन पिता अब्दुल मजीद, जितेंद्र कुमार यादव, पवन कुमार, विजय कुमार, मोहन चावड़ा, बालकृष्ण, दानेश्वर, बलराम साहू, हेमसिंग, रेखा ठाकुर इत्यादि को नोटिस जारी किया गया है। लंबे समय से जिला मुख्यालय व आसपास में अवैध प्लाटिंग का काम धड़ल्ले से संचालित है। नवप्रदेश द्वारा लगातार इसको लेकर खबर प्रकाशित की। नवप्रदेश की खबरों को लेकर इसकी शिकायत जिले के प्रभारी मंत्री से भी की गई थी। जिस पर उन्होंने कलेक्टर को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। अब जाकर नपा द्वारा आरंभिक कार्रवाई के तौर पर नोटिस जारी कर दिया है।

कृषि भूमि के कर दिए टुकड़े-टुकड़े

जिला मुख्यालय में अवैध प्लाटिंग कई वर्षों से किए जा रहा है, लेकिन कार्यवाही अब तक नहीं की गई है। अवैध प्लाटिंग तो यहां धंधे की शक्ल ले चुका है। कृषि भूमि कई टुकड़ों में बिक गई है। बिना डायवर्सन के निर्माण यहां आम बात हो गई है। इस व्यवसाय से जुड़े कई लोग बाहर से आकर यहां बस गए हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि स्थानीय प्रशासन कार्यवाही के बदले इन्हें खुलकर सहयोग दे रहे हैं। अवैध प्लाटिंग से जुड़े लोगों का प्रशासन से खौफ नहीं है, क्योंकि अधिकारी भी संरक्षण दे रहे हैं। इस नगर पालिका में तो गरीब मजदूरों के लिए कानून का डंडा चलता है। पिछले दिनों ठेले-खोमचे वालों को हटा दिया गया, जिससे कि इनकी रोजी-रोटी बंद हो गई है। वहीं इसमें भी कुछ चेहते लोगों को ठेला लगाने की अनुमति पालिका प्रशासन ने दी हुई है। भाई-भतीजावाद का बोलबाला नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों के बीच है।

पत्नी से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। धोबी मोहल्ला कंकालीपारा में घरेलू बात को लेकर एक युवक ने अपनी पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी केअनुसार धोबी मोहल्ला कंकालीपारा निवासी प्रार्थिया मधु चौधरी 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसका पति आरोपी राहुल चौधरी 32 वर्ष ने घरेलू बात को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 8 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड के पास भाठागांव में सरेआम शराब पीते आरोपी घनश्याम सवर 34 वर्ष, हेम सागर जाल 27 वर्ष व घनश्याम भोई 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी नीरज कुमार सोनकर 32 वर्ष, कैलाश ध्रुव 35 वर्ष, शुभम नरवानी 22 वर्ष व हर्ष क्षितिजा 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी शैलेन्द्र साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध कोयला भंडारण पर प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाही, 40 टन कोयला जब्त

■ कोयले से लदे एक गाड़ी और चार मोटर साइकिलें भी जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। छग के कोरबा कलेक्टर संजीव झा के निर्देश पर अवैध कोयला भंडारण पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार देर शाम ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई की। राजस्व विभाग, खनिज विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 2 जगहों पर लगभग 40 टन कोयला जप्त किया गया। करतला में खान ढाबा के पीछे झाड़ियों के आस पास लगभग 10 टन और चांपा में विरेंद्र सिंह के आवासीय परिसर में लगभग 30 टन अवैध कोयला भंडारण पाया गया। करतला में जांच के दौरान मौका क्षेत्र में उपस्थित मजदूर मौके से फरार हो गए। करतला में कोयला से भरा हुआ एक गाड़ी और चार मोटरसाइकिलें भी जप्त की गई। इसके अलावा मौका जांच में तौल कांटा बांट, कोयला खरीदी बिक्री, मजदूरों का भुगतान और पैसों के लेनदेन से संबंधित संबंधित रजिस्टर भी जप्त किया गया। दस्तावेजों को जांच के लिए खनिज कार्यालय भेजा गया तथा गाड़ियों और इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे को थाना करतला में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसी प्रकार तहसील करतला के ग्राम चांपा में विरेंद्र सिंह के आवासीय परिसर में अवैध रूप से कोयले खनिज का भंडारण पाया गया। मौका जांच में लगभग 30 टन कोयले का भंडारण पाया गया। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा भी पाया गया। जमीन मालिक के पास उनके परिसर में भंडारित कोयले के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं पाया गया। मौके पर पाए गए कोयले और तौल कांटे को संयुक्त टीम द्वारा जब्ती की कार्रवाई की गई।

शिकायत के बाद हुई छापेमारी

कोरबा एसडीएम सीमा पात्रे ने बताया कि करतला के खान ढाबा के पीछे जमीन में और ग्राम चांपा में अवैध कोयला भंडारण होने और कोयले की अवैध खरीदी बिक्री की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। दोनो जगहों के निरीक्षण के दौरान कोयला भंडारण पाया गया। साथ ही कोयला खरीदी बिक्री के भी दस्तावेज पाए गए। एसडीएम ने बताया की दोनो जगहों पर कोयला के वैध खरीदी ब्रिकी और भंडारण के कोई साक्ष्य नहीं पाए गए। जमीन मालिकों द्वारा खनिज से संबंधित कोई वैध प्रमाण भी नहीं प्रस्तुत किया गया।

स्थानीय लोगों से हो रही पूछताछ

एसडीएम ने बताया कि दोनों जगहों पर की गई छापामार कार्रवाई के दौरान पाए गए कोयले को जब्ती कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आसपास के लोगों से भी गतिविधियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। कार्यवाही में राजस्व विभाग से तहसीलदार मुकेश देवांगन, नायब तहसीलदार लखेश्वर सिदार, खनिज विभाग से खनिज निरीक्षक जीत चंद्राकर एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम शामिल थी।

बाइक सवार बदमाश महिला का पर्स लेकर फरार

रायपुर/नवप्रदेश। बाइक सवार अज्ञात युवक ने महिला के पर्स को छीनकर भाग निकला। चोरी गए पर्स में मोबाइल व नकदी रकम था। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रियदर्शनी नगर न्यू राजेन्द्र नगर निवासी प्रार्थिया सरला जैन 52 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी सहेली के साथ पैदल जा रही थी। तभी मातृछाया अपार्टमेंट के पास प्रियदर्शनी नगर के पास बाइक सवार अज्ञात युवक पीछे से आया और प्रार्थिया के कंधे में लटके पर्स को छीनकर भाग निकला। पर्स में मोबाइल सहित नकदी रकम हुआ था। चोरी गए जुमला करीब 5 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम सकरी चौक अभनपुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक खुमेश्वर नौरंग 25 वर्ष गणेशपुर कुरूद का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनडी 8403 से अपने दोसत अरूण बघेल 18 वर्ष के साथ कहीं जा रहा था, तभी ग्राम सकरी चौक के पास अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे खुमेश्वर की मौत हो गई।